निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | वीरवार 22 सितंबर 2022 | पीडीएफ अंक-155 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

### मौसम

अधिकतम –28 सूर्योदय – 6 : 09
न्यूनतम – 26 सूर्यास्त – 6 : 18

### सोना चांदी

सोना – 51190.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 57200.00 किलो

### अर्थसार

सैंसेक्स –59456.78 निफ्टी – 17718.35
रु/यूएस डॉलर – 79.92 रु/यूरो – 79.25

## न्यूज फ्लैश

### पंजाब में सिखों के धर्मांतरण पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग चिंतित

**– आयोग ने राज्य सरकार से धर्मांतरण रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने पंजाब में सिखों के धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से धर्मांतरण रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। आयोग का कहना है कि पंजाब में सिखों को बहला-फुसलाकर और उन्हें प्रलोभन देकर ईसाई बनाए जाने का मामला सामने आया है। आयोग का कहना है कि इस संबंध में कई शिकायतें आयोग को मिली हैं जिस पर आयोग ने राज्य सरकार से उचित कदम उठाने की मांग की है। यह जानकारी आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दी। लालपुरा ने बताया कि आयोग ने सिख और ईसाई प्रतिनिधियों की एक बैठक पूर्व में आयोजित की थी जिसमें इस समस्या के समाधान पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया था। बैठक में ईसाई समुदाय के धर्मगुरुओं ने आश्वासन दिया था कि पंजाब में होने वाले धर्मांतरण को लेकर वह गंभीर हैं और इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। लालपुरा का कहना है कि इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए आयोग बहुत जल्द एक और बैठक आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि इस समस्या की वजह से पंजाब में सिख और ईसाई समुदाय के बीच आपस में कटुता बढ़ रही है जिसे समय रहते रोकने की जरूरत है। लालपुरा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षकों को वेतन नहीं मिलने के मामले की एक शिकायत आयोग को प्राप्त हुई है जिसपर आयोग ने कार्रवाई करते हुए सरकार से शिक्षकों का वेतन दिए जाने की मांग की है। लालपुरा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में मदरसों के सर्वेक्षण को लेकर उनके पास किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। उनका कहना है कि यह मामला राज्यों का है जिस पर आयोग हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। लालपुरा ने गुजरात के बिल्किस बानो केस से संबंधित दोषियों को जेल से रिहा किए जाने के मामले से जुड़े एक सवाल पर कहा कि यह मामला अदालत में चला गया है। इसलिए आयोग इस मामले में किसी भी तरह की कोई कार्रवाई या टिप्पणी नहीं कर सकता है। आयोग चेयरमैन ने असम सहित कई राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकारों से जल्द से जल्द राज्य अल्पसंख्यक आयोगों के पुनर्गठन करने की भी मांग की है। लालपुरा ने अफगानिस्तान में 17 ऐतिहासिक महत्व के सिख गुरुद्वारों के रखरखाव और सुरक्षा का मामला उठाते हुए कहा है कि गुरुद्वारों के प्रति सिखों की आस्था है और इसे सुरक्षित रखना अफगानिस्तान सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान से आने वाले सिखों का भारत में पहले भी स्वागत था और अब भी हम उनका स्वागत करते हैं।

### कांग्रेस के युवा नेता एमसीडी चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के काम से प्रभावित होकर हरिनगर क्षेत्र से कांग्रेस के युवा नेता हिमांशु पाहुजा अपनी टीम के साथ आप पार्टी में आज शामिल हुए हैं। हिमांशु 2017 में कांग्रेस से पार्षद का चुनाव लड़ने वाले सबसे युवा प्रत्याशी थे। उन्होंने संगठन और विधानसभा क्षेत्र में कार्य किया है। उनकी पूरी टीम आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुई है। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य हर सिमरन, राजेश कुमार राजेंद्र, सुखदीप चावला, अमरनाथ, निरंजन कुमार, अमित वाधवा, प्रवीण गंभीर सहित काफी संख्या में लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एमसीडी में कई महीनों से चक्कर चलाया हुआ है कि यह कर लें और ऐसे सत्ता बचा लें। लेकिन दिल्ली की जनता इनके पीछे डंडा लेकर घूम रही है कि बचने नहीं देंगे और एमसीडी से इनका सफाया करना है। इन युवा नेताओं के आने से जो दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एमसीडी में लड़ाई और मजबूत होगी। विधायक राजकुमारी ढिल्लो ने कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में रात दिन काम हो रहे हैं।


### स्पाइसजेट पर लागू प्रतिबंध को डीजीसीए ने 29 अक्टूबर तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** देश में सस्ती विमानन सेवा मुहैया कराने वाली एयरलाइंस स्पाइसजेट पर लगे प्रतिबंध को नागर विमानन महानिदेशालय ने 29 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दिया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने बुधवार को जारी एक सूचना में बताया कि स्पाइसजेट पर केवल 50 फीसदी उड़ानों के संचालन के लिए लगा प्रतिबंध 29 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। हालांकि, डीजीसीए ने जारी नोट में कहा कि स्पाइसजेट की उड़ान सेवाओं में सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं की संख्या में कमी आई है। डीजीसीए ने 27 जुलाई में विमान नियम 1937 के तहत नियम 19ए के आधार पर स्पाइसजेट को आठ हफ्तों के लिए 50 फीसदी विमान सेवाओं का संचालन करने की अनुमति दी थी, जिसे 29 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। डीजीसीए के नए आदेश के मुताबिक एयरलाइंस फिलहाल 50 फीसदी उड़ानों का संचालन करेगी। दरअसल, एक अप्रैल से स्पाइसजेट के विमानों को लेकर कई घटनाएं सामने आई थी जिसके बाद कंपनी के खिलाफ ये कार्रवाई की गई थी।

# पीएम केयर्स में योगदान के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों की सराहना की

**– राजीव महर्षि, सुधा मूर्ति और आनंद शाह सलाहकार बोर्ड के लिए नामित**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पीएम केयर्स फंड के न्यासी बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने पीएम केयर्स फंड में तहे दिल से योगदान देने के लिए देशवासियों की सराहना की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कहा कि बैठक में पीएम केयर्स फंड की मदद से की गई विभिन्न पहलों पर एक प्रस्तुति दी गई। इसमें पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना भी शामिल है, जो कोरोना काल में अनाथ हुए 4,345 बच्चों का सहयोग कर रही है। ट्रस्टियों ने देश के लिए महत्वपूर्ण समय में फंड द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम केयर्स फंड में तहे दिल से योगदान देने के लिए देश के लोगों की सराहना की। बैठक में




इस बात पर चर्चा की गई कि न केवल राहत सहायता के माध्यम से, बल्कि शमन उपायों और क्षमता निर्माण के माध्यम से भी आपात स्थिति और संकट की स्थितियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए पीएम केयर्स का एक बड़ा दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री ने ट्रस्टियों का पीएम केयर्स फंड का अभिन्न अंग बनने के लिए स्वागत किया। बैठक में पीएम केयर्स फंड के ट्रस्टी, यानी केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ-साथ पीएम केयर्स फंड के नए नामित ट्रस्टी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति के.टी. थॉमस, पूर्व डिप्टी स्पीकर करिया मुंडा, टाटा संस के चेयरमैन एमेरिटस रतन टाटा भी शामिल हुए। ट्रस्ट ने आगे पीएम केयर्स फंड में सलाहकार बोर्ड के गठन के लिए तीन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को नामित करने का निर्णय लिया गया। इनमें भारत के पूर्व नियंत्रक और महालेखा परीक्षक राजीव महर्षि, इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष सुधा मूर्ति, टीच फॉर इंडिया के सह-संस्थापक और इंडिकॉर्प्स और पीरामल फाउंडेशन के पूर्व सीईओ आनंद शाह शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए ट्रस्टियों और सलाहकारों की भागीदारी से पीएम केयर्स फंड के कामकाज को व्यापक दृष्टिकोण मिलेगा। सार्वजनिक जीवन का उनका विशाल अनुभव विभिन्न सार्वजनिक जरूरतों के लिए फंड को अधिक उत्तरदायी बनाने में और अधिक उत्साह प्रदान करेगा।

## देश के विभिन्न भागों में 100 जगह 24 सितंबर को जमीयत उलेमा-ए-हिंद लगाएगा 'सद्भावना संसद'

**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने समाज को एकजुट करने के लिए 'सद्भावना संसद' की श्रृंखला शुरू की है। इसी कड़ी में 24 सितंबर को देश के विभिन्न भागों में लगभग 100 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जमीयत सद्भावना मंच के संयोजक मौलाना जावेद सिद्दीकी कासमी ने बताया कि 'सद्भावना संसद' के कार्यक्रम महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम, मध्य प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, हरियाणा, मेवात और पंजाब, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, झारखंड और गोवा में आयोजित किए जाएंगे। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने इस वर्ष देवबंद में आयोजित प्रबंधन समिति की सभा में देशभर में कम से कम एक हजार 'सद्भावना संसद' आयोजित किये जाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि अगर समाज और देशवासियों के बीच घृणा पैदा की जाए तो उसका जवाब नफरत नहीं बल्कि प्यार है। इसी विचार को आत्मसात करते हुए 24 सितंबर को देश के विभिन्न भागों में लगभग 100 कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दिल्ली में जमीयत उलेमा-हिंद के तत्वावधान में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के मुख्यालय के मदनी हॉल में दोपहर 2 बजे 'सद्भावना संसद' होगी, जिसमें सभी धर्मों के प्रमुख नेता भाग लेंगे।


इसी प्रकार देश के अन्य कार्यक्रमों में सभी धर्मों विशेषकर हिंदू और मुस्लिम धर्म के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इस सम्बंध में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सचिव मौलाना नियाज अहमद फारूकी ने बताया कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद घृणा फैलाने वाली इन शक्तियों के विरुद्ध शांति, एकता, आपसी भाईचारे और धार्मिक सद्भाव का वातावरण पैदा करने के लिए मिलजुल कर पहल करना अपना कर्तव्य समझती हैं।

## तेजस्वी अपने विभागों में देंगे डेढ़ लाख सरकारी नौकरी

**पटना।** उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नौकरी को लेकर एक बार फिर ऐलान किया है। उन्होंने आज राजद के राज्य परिषद की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनके पास बिहार सरकार में चार विभाग हैं। इसमें स्वास्थ्य विभाग, पथ एवं परिवहन विभाग, शहरी विकास, आवास विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग हैं। वे इन्हीं चारों विभागों में डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जो कमिटमेंट किया था वो कल से शुरू हो गया है। सभी डिपार्टमेंट को कहा गया है कि रिक्त पदों को भरा जाए। उन्होंने कहा कि हर कैबिनेट बैठक में सबसे ज्यादा स्वास्थ्य डिपार्टमेंट के रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर बात होती है। उन्होंने कहा कि सरकार बने एक महीने से ज्यादा हो गया था। इसलिए कल राजद कोटे के मंत्रियों को बुलाया था और हमने समीक्षा किया। राजद के मंत्रियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि अगर क्षेत्र में कोई कार्यक्रम होगा तो जिलाध्यक्ष के साथ रहे। ज्यादा महत्व संगठन विस्तार को दें। साथ ही परफॉर्मेंस के आधार पर नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलेगी। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य 2024 है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं को काम करना होगा। जब तक हम कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं देंगे तब तक लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के एक दिन पहले ही हमने बेरोजगारी यात्रा निकाली थी और भाजपा को ढहा दिया। कार्यकर्ताओं को दलितों के टोलों में जाने और उनको पार्टी से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का अगर कोई इलाज है तो वो समाजवाद है।

## सेमीकंडक्टर विकास और डिस्प्ले विनिर्माण से जुड़े कार्यक्रम में संशोधन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में सेमीकंडक्टर के विकास और डिस्प्ले विनिर्माण इकोसिस्टम कार्यक्रम में संशोधन को मंजूरी दे दी। संशोधन के बाद विभिन्न प्रौद्योगिकी नोड्स के सेमीकंडक्टर फैब के साथ-साथ कंपाउंड सेमीकंडक्टर, पैकेजिंग और अन्य सेमीकंडक्टर सुविधाओं के लिए 50 प्रतिशत प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने भारत में सेमीकंडक्टर के विकास और डिस्प्ले विनिर्माण इकोसिस्टम कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी दी है। इसके तहत भारत में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना की योजना के तहत सभी प्रौद्योगिकी नोड्स के लिए परियोजना लागत के 50 प्रतिशत की समानता के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। डिस्प्ले फैब स्थापित करने की योजना के तहत परियोजना लागत के 50 प्रतिशत की समानता के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। भारत में कंपाउंड सेमीकंडक्टर व सिलिकॉन फोटोनिक्स तथा सेंसर फैब और सेमीकंडक्टर एटीएमपी व ओएसएटी सुविधाओं की स्थापना के लिए योजना के तहत पूंजीगत व्यय के 50 प्रतिशत की समानता के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, योजना के तहत लक्षित प्रौद्योगिकियों में डिस्क्रीट सेमीकंडक्टर फैब्स भी शामिल होंगे। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम ने भारत में फैब (सेमीकंडटर उत्पादन फैक्टरी) स्थापित करने के लिए कई



वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियां आकर्षित होंगी। संशोधित कार्यक्रम से भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण के निवेश में तेजी आयेगी। संभावित निवेशकों से चर्चा के आधार पर यह उम्मीद की जाती है कि पहली सेमीकंडक्टर सुविधा स्थापित करने का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन, जो भारत में सेमीकंडक्टर के विकास और डिस्प्ले विनिर्माण इकोसिस्टम कार्यक्रम के लिए नोडल एजेंसी है, को सलाह देने के लिए उद्योग जगत और शिक्षा जगत के वैश्विक विशेषज्ञों की एक सलाहकार समिति का गठन किया गया था। सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से सिलिकॉन सेमीकंडक्टर फैब व सिलिकॉन फोटोनिक्स व सेंसर व डिस्क्रीट सेमीकंडक्टर फैब्स और एटीएमपी व ओएसएटी के सभी प्रौद्योगिकी नोड्स के लिए एकसमान समर्थन की सिफारिश की है, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है। 45 एनएम और उससे अधिक के प्रौद्योगिकी नोड्स की मांग, अन्य के साथ-साथ वाहन, विद्युत और दूरसंचार अनुप्रयोगों के कारण अधिक है। इसके अलावा, यह हिस्सा कुल सेमीकंडक्टर बाजार का लगभग 50 प्रतिशत है।

## कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए मुख्यमंत्री गहलोत ने दिए स्पष्ट संकेत

**जयपुर/नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव के लिए पिछले एक सप्ताह के दौरान तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव लड़ने के स्पष्ट संकेत देते हुए बुधवार को कहा कि कांग्रेस की मजबूती के लिए, जहां मेरी आवश्यकता होगी मैं पीछे नहीं हटूंगा। मेरी पार्टी ने मुझे सब कुछ दिया है। आज पार्टी संकट में है और देश की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है। कांग्रेस की मजबूती के लिए जहां मेरी आवश्यकता होगी, मैं पीछे नहीं हटूंगा। पार्टी आलाकमान उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपेगा, उसे वह निभाएंगे। बुधवार को दिल्ली पहुंचे गहलोत ने पत्रकारों से बातचीत के



दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री बने रहने के सवाल पर कहा, मैं रहूं या ना रहूं लेकिन मैं वहां रहना पसंद करूंगा, जहां मेरे रहने से पार्टी को फायदा होगा। गहलोत ने यह भी कहा कि वह कोच्चि जाकर राहुल गांधी को इस बात के लिए मनाने का आखिरी प्रयास करेंगे कि वह पार्टी अध्यक्ष का पद संभालें। उनका कहना था कि राहुल गांधी से बातचीत करने के बाद ही वह तय करेंगे कि आगे क्या करना है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे नाम होने के कयासों के बीच कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने दिल्ली पहुंचे गहलोत ने कहा, अगर पार्टी के लोग मुझे चाहते हैं, उन्हें लगता है कि अध्यक्ष पद या सीएम पद पर मेरी जरूरत है तो मैं मना नहीं कर सकता। हमारे लिए पद कोई मायने नहीं रखता। सोनिया से मुलाकात के बाद गहलोत राहुल गांधी से मिलने कोच्चि भी जाएंगे। उन्होंने कहा, मैं एक बार और प्रयास कर रहा हूं कि राहुल गांधी ही अध्यक्ष पद संभाले। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में मैंने ही प्रस्ताव रखा था कि उन्हें अध्यक्ष बनना चाहिए। उन्हें मैं मनाने का प्रयास करूंगा, उसके बाद तय करूंगा।

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान को पांच और दिनों की एसीबी हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को पांच और दिनों के लिए एंटी करप्शन ब्रांच की हिरासत में भेज दिया। स्पेशल जज विकास धुल ने ये आदेश दिया। अमानतुल्लाह खान पर वक्फ बोर्ड भर्ती में गड़बड़ी करने का आरोप है। बुधवार को अमानतुल्लाह खान की हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद एसीबी ने कोर्ट में पेश किया। एसीबी ने अमानतुल्लाह की 10 दिनों की हिरासत की मांग की थी। 17 सितंबर को कोर्ट ने आज तक की एसीबी हिरासत में भेजा था। अमानतुल्लाह खान को एसीबी ने 16 सितंबर को गिरफ्तार किया था। एसीबी की



ओर से 17 सितंबर को पब्लिक प्रोसिक्यूटर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा था कि अमानतुल्लाह खान पर आरोप है कि उन्होंने वक्फ बोर्ड में अपने रिश्तेदारों को भर्ती किया। भर्ती के लिए एक स्थानीय अखबार में विज्ञापन निकाला गया। 22 लोगों को ओखला से भर्ती किया गया, जहां से अमानतुल्लाह खान विधायक हैं। अमानतुल्लाह खान की ओर से वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने कहा था कि एसीबी जांच के लिए कहीं भी जा सकती है। मेहरा ने वक्फ एक्ट का हवाला देते हुए कहा कि भर्ती में गड़बड़ी हो सकती है लेकिन भर्ती गैरकानूनी नहीं है। उन्होंने नियुक्त किए गए कर्मचारियों की प्रकृति का जिक्र करते हुए कहा कि आरोपित विधायक हैं, लाखों लोग उन्हें जानते हैं।

Vacancy

ब्यूरो चीफ
डिप्टी ब्यूरो चीफ
रिपोर्टर




दिल्ली क्राइम प्रेस के राष्ट्रीय अखबार से जुड़कर बने अपने जिले के समाचार और विज्ञापन प्रभारी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 83750 00984

एडवांस जर्नलिज्म एंड रिपोर्टिंग टेक्निक कोर्स

रिपोर्टिंग में अपना भविष्य बनाने वाले लोगों के लिए सुनहरा मौका



जॉब प्लेसमेंट 100 परसेंट गारंटीड

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 8375000984

DELHI CRIME 22 sep 2022:Layout 1 9/21/2022 7:17 PM Page 2



# सम्पादकीय

## राजस्थान में कितना सफल होगा तीसरा मोर्चा ?

राजस्थान में विधानसभा के चुनाव होने में अभी एक साल से अधिक का समय बाकी है। मगर चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। राजस्थान में मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होता रहा है, क्योंकि यहां तीसरा मोर्चा नहीं बन पाया है। जिसका लाभ भी कांग्रेस व भाजपा को ही मिलता रहा है। इसी कारण 1993 से यहां एक बार भाजपा व एक बार कांग्रेस की सरकारी बनती आ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में हनुमान बेनीवाल ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी बनाकर 58 सीटों पर चुनाव लड़ा था। मगर उन्हें तीन सीट व 2.4 प्रतिशत वोट मिले थे। इसी तरह भाजपा से बगावत कर घनश्याम तिवाड़ी ने भी भारत वाहिनी पार्टी के नाम से राजस्थान में 63 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। मगर तिवाड़ी सहित सभी की जमानत हो गई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने भी पूरे जोर-शोर से चुनाव लड़ा था। मगर उनका कोई भी प्रत्याशी 1000 वोटों की संख्या पार नहीं कर पाया था। यहां तक कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल जाट भी मात्र 628 वोट की ले पाए थे। प्रदेश में आप को 136345 यानि मात्र 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा के छह विधायक जीते थे। मगर इसे बसपा का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि हर बार की तरह इस बार भी बसपा के सभी 6 विधायकों ने दल बदल कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। जिस कारण जीतकर भी बसपा खाली हाथ रह गई थी। पिछले चुनाव में बसपा को 4.03 प्रतिशत मत मिले थे। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर रही है। हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के चर्चा जोरों से चल रही है। ऐसे में यदि वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाते हैं तो सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की सबसे अधिक संभावना जताई जा रही है। चूंकि अशोक गहलोत किसी भी स्थिति में पायलट को राजस्थान का नेतृत्व नहीं सौंपेंगे। ऐसे में गहलोत की पसंद का ही मुख्यमंत्री बनेगा। अभी राजस्थान में गहलोत बनाम पायलट का झगड़ा जोरों पर चल रहा है। दोनों के समर्थक एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। हाल ही में गुर्जर नेता किरोड़ी सिंह बैंसला की श्रद्धांजलि सभा के दौरान पुष्कर में पायलट समर्थकों ने गहलोत समर्थक मंत्री अशोक चांदना व शकुंतला रावत के भाषण देने के दौरान नारेबाजी की व जूते चप्पले उछाली। इतना ही नहीं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत व राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ को बिना भाषण दिए ही वहां से जाना पड़ा। इन दिनों पायलट समर्थक अपने नेता के पक्ष में खुलकर मुखर हो रहे हैं। वह चाहते हैं कि राजस्थान की कमान पायलट को सौंपी जाएं। गहलोत समर्थक राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा भी खुलकर पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग करने लगे हैं। बैरवा का कहना है कि गहलोत को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना चाहिए तथा राजस्थान का मुख्यमंत्री सचिन पायलट को बनाया जाना चाहिए जिससे पार्टी मजबूत होगी। गत दिनों पायलट के जन्मदिन के अवसर पर गहलोत समर्थक सात विधायकों ने भी पायलट के घर जाकर उनको बधाई देकर सबको चौंका दिया था। मुख्यमंत्री गहलोत राजनीति की एक-एक चाल सोच समझ कर चल रहें हैं। हाल ही में उन्होने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्यों की मीटिंग में मौजूद लोगों से राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने पर राय जानी तो सबने हाथ खड़े करके समर्थन किया। राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर के जाने के बाद रखा गया था।

## बिहार तख्ता पलट-संभावनायें और सीमा

लेखक- रघु ठाकुर
/ईएमएस



बिहार के तख्ता पलट पर लिखने के लिये मुझसे कई मित्रों ने अनेक बार आग्रह किया था। परन्तु मैं इस वक्ती घटना पर लिखने से बचता रहा। एक तो इसलिये की सरकारों के दलबदल की घटनायें अब बहुत आम हो गई हैं। यह प्रयोग 1980 में कांग्रेस पार्टी ने स्व. भजनलाल की सरकार को दलबदल कराकर शुरू किया था और अब इसे थोड़े से भिन्न रूप में भारतीय राजनीती में भा.ज.पा. व अन्य दलों द्वारा किया जा रहा है। यह गणेश चतुर्थी के पर्व का समय है, किंवदंती बताई जाती है की गणेश के सिर को भगवान शंकर ने हाथी के धड़ के साथ जोड़ दिया था। आज कल यह प्रयोग राजनीती में होने लगा है। धड़ किसी का सिर किसी का। महाराष्ट्र में चुनाव के बाद शिवसेना के सिर को एन.सी.पी. कांग्रेस की युति के धड़ से जोड़ दिया गया है। बिहार में चुनाव के बाद जदयू और आर.जे.बी. की सरकार बनी परन्तु कुछ ही समय के पश्चात नीतीश जी का सिर भाजपा के धड़ के साथ जुड़ गया और जो काम भगवान शंकर नहीं कर सके वह काम बिहार की राजनीति ने कर दिखाया कि नीतीश जी के सिर को पुनः बी.जे.पी. के धड़ से काटकर फिर राजद के धड़ के साथ जोड़ दिया। राजनैतिक, सिद्धांतहीनता का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है। मंगनी कहीं ब्याह कहीं अब इन घटनाओं पर कुछ लिखना अर्थहीन सा हो गया है। जो नीतीश कुमार कल तक देश के धर्म निरपेक्ष धड़े के द्वारा साम्प्रदायिक घोषित किये जा रहे थे वह अब रातों रात धर्म निरपेक्ष हो गये हैं, और भाजपा का धड़ा जिन्हें अपना मुखिया कहता था अब वही उनको खलनायक कह रहा है। दरअसल हमारे देश में धर्म निरपेक्षता या साम्प्रदायिकता गुण आधारित नहीं है, बल्कि कक्ष आधारित है। आप एक कक्ष में बैठकर धर्म निरपेक्ष हो जाते हैं और दूसरे कक्ष में जाकर साम्प्रदायिक हो जाते हैं। व्यक्ति चहरा, मोहरा सब वही रह जाता है। आश्चर्य तो तब होता है की जब जनमत जो वास्तव में अपने जातीय और धर्म समूह के वर्चस्व और श्रेष्ठता के लिये लालायित रहता है, ऐसे अनैतिक बदलावों को स्वीकार कर लेता है और उनका समर्थन करता है। इसलिये अब दल और दल बदलुओं को कोई भय नहीं है। अब कुछ मित्रों ने बिहार के तख्ता पलट के बाद देश में राजनैतिक बदलाव की भारी उम्मीदें पालना शुरू कर दिया है। श्री नीतीश कुमार ने अब केन्द्र से भाजपा को हटाने का लक्ष्य घोषित किया है। और सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं, की अब वह भाजपा के साथ कभी नहीं जायेंगे हालांकि उनके लिये ऐसे बयान और कसमों का कोई अर्थ नहीं है, क्योंकि वह जानते हैं, की जन स्मृति बहुत कमजोर होती है और अगर मीडिया या ताकतवर समूह उसे निरंतर ना कुरेदे तो वह सब पुराने पाप भूल जाती हैं। भाजपा इस घटनाक्रम पर हतप्रभ है। क्योंकि वह स्वतः ऐसे खेल दोहरा चुकी है। महाराष्ट्र में, मध्यप्रदेश में वह इन दलीय दलबदलों को स्वतः प्रयोग में ला चुकी है। महाराष्ट्र में तो श्री अजीत पंवार को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने के लिये उनके विरूद्ध सी.बी.आई. के द्वारा दर्ज केस भी वापस कर लिया गया था। निसंदेह केन्द्र सरकार सी.बी.आई. और ई.डी. का प्रयोग भाजपा के दलीय हितों के लिये कर रही है। और अब स्थिति यह है कि भाजपा और ई.डी. या सी.बी.आई. एक मजाक बन चुके हैं। बिहार के घटनाक्रम से इतना तो हुआ ही है की भाजपा के सरकार गिराओ रथ के पहियों कुछ थमें हैं, और झारखण्ड, व अन्य प्रदेशों को कुछ राहत मिली है। जहां गैर भाजपाई सरकारें हैं उन्हें कुछ राहत मिली है। भाजपा के चाणक्य और रणनीतीकारों के चेहरे का तेज फीका पड़ गया है। परन्तु साँप अभी मरा नहीं है और कहा जाता है कि घायल साँप ज्यादा खतरनाक होता है। भाजपा हटाओ मुहिम के तहत श्री नीतीश कुमार के नये गठबंधन के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने पहली बार दिल्ली यात्रा की है और कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, लोकदल, एन.सी.पी. आदि दलों के शीर्ष नेताओं के साथ मंत्रणा शुरू की है। यद्यपि उनकी योजना के बारे में अभी कोई विशेष सूचना मीडिया या अन्य माध्यमों से नहीं मिली है। एक इसलिये की भी कि नीतीश कुमार भी उतने ही अविश्वसनीय सहयोगी है जितनी की भाजपा। भले ही वह यह बयान दे रहे हो की मुझे अब कुछ नहीं चाहिये मुझे प्रधानमंत्री नहीं बनना, परंतु उनका यह कथन किसी को भी विश्वास लायक नहीं है। एक तो फिलहाल प्रधानमंत्री का पद उनके लिये रिक्त नजर नहीं आता और दूसरे शायद वह राजद नेताओं को विश्वास दिलाना चाहते हैं की मेरी सरकार जो राजद के कंधों पर टिकी है उसे निर्बाध चलने दो अगली बार में मुख्यमंत्री की दोड़ में नहीं होऊंगा। उनकी घोषणाओं को छोड़ भी दें तब भी महत्वपूर्ण प्रश्न यह है की क्या कोई संसदीय ताकतवर मोर्चा अभी बन सकता है? और क्या ऐसा कोई मोर्चा देश को कोई बेहतर विकल्प दे सकता है? मुझे लगता है कि अभी हाल में देश में कोई ऐसा वैकल्पिक मोर्चा भले ही वह सत्ता उन्मुख हो, बनना कठिन है। एक बारात में कई दूल्हे संभव नहीं है, और गैर भाजपा समूह कई दूल्हों वाली ऐसी ही बारात है। दूसरे कार्यक्रम विहीन मोर्चे सत्ता के लिये गठजोड़ होते हैं जो बनते मिटते हैं, परन्तु कोई परिणाम नहीं दे पाते। ऐसे मोर्चे की कोई वैकल्पिक नीति या कार्यक्रम नहीं होते बल्कि ह्वमिल जुलकर सरकार बनाओ मिल बांटकर लूटकर खाओह्न ही उनका लक्ष्य होता है। यही काम मोदी के नेतृत्व में एन.डी.ए. करता रहा है और यही काम ऐसे भविष्य में बनने वाले सत्ता मोर्चे भी करेंगे। अगर देश के और समाज के लिये कोई मोर्चा बनता है तो पहले वैकल्पिक कार्यक्रमों पर चर्चा हो और उन्हें लेकर देश में अभियान चले। 1960 के दशक में न्यूनतम समयबद्ध कार्यक्रम लोहिया के गैर कांग्रेसवाद का आधार था और अब भी न्यूनतम समयबद्ध कार्यक्रम जो लोहिया विचार पर आधारित हो गैर भाजपावाद का आधार बन सकता है। अंत में मैं इतना और कहना चाहूगा कि हमारे देश के कुछ अनुदान प्राप्त स्वयं सेवी संगठन या सिविल सोसाइटी के नामधारी संगठन अनेक कारणों से बेचेन आत्मायें बन गये हैं। यही लोग हैं जो वर्ष 2009-10 में अन्ना के अभियान और आप में कुछ पाने के लिये जुटे थे और अब यही अन्य दलों के साथ उसी प्रकार एकजुटता कर रहे हैं। यह उनका स्वेच्छिक निर्णय है या फण्ड दाताओं का दबाव यह में नहीं जानता परन्तु इस बार-बार के तलाक के प्रयोग में भी उन्हें कुछ सार्वजनिक तो छोड़ो व्यक्तिगत् भी हासिल होगा, इस पर भी मुझे शक है, मुझे याद है कि जब देश अन्ना अन्ना के गीत गा रहा था तब मेरे एक मित्र श्री विजय प्रताप ने गाँधी शाँति प्रतिष्ठान में एक बैठक आमंत्रित की थी। मैं उसमें आमंत्रित नहीं था पर किसी अन्य कार्यक्रम की वजह से वहाँ था। श्री श्रवण गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार ने मुझे आने को कहा। मैं कुछ देर को शामिल हुआ। वहाँ श्री श्रवण गर्ग ने उन मित्रों से कहा था कि आप बदलाव की बात छोड़ें, दो चार विधानसभा क्षेत्र देख लो। संभव है कि वहाँ से विधायक बन जाओ। श्री श्रवण गर्ग का कथन जो तब भी सही निकला, शायद आगे भी इन प्रयोग कताओं के लिये वैसा ही सही साबित होगा। और मान लो ऐसे 2-4 लोग संसद और विधान सभाओं में पहुंचकर दलीय गुलाम बन भी जाये तो इससे देश को कुछ भी हासिल नहीं होगा हासिल होगा तो सिर्फ निराशा।

## आज का कार्टून।




## अमरिंदर पर भरोसा



लेखक-सिद्धार्थ शंकर
/ईएमएस

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा में शामिल हो गए। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) का भाजपा में विलय कर दिया। अमरिंदर के साथ उनके बेटे रणइंदर सिंह और बेटी जय इंदर कौर ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। हालांकि, उनकी पत्नी परनीत कौर अभी भी कांग्रेस की सांसद हैं। इसी के साथ पंजाब की राजनीति में एक नया अध्याय जुड़ गया है। नवंबर 2021 में अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस के अलग होने के बाद नई पार्टी बनाई। उस वक्त केंद्र सरकार ने कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान नहीं किया था। यह एक बड़ी वजह थी जिसने अमरिंदर सिंह को भाजपा में जाने के बजाय अलग पार्टी बनाने का रास्ता दिया।

उन्होंने अलग पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस के गठन का एलान दो नवंबर को कर दिया। यह तय था कि अमरिंदर को कांग्रेस से अलग पार्टी बनाने का कोई खास फायदा नहीं होना था। इसके बावजूद भाजपा के अलावा किसी और पार्टी का दामन थामना उनके लिए आसान नहीं था। कांग्रेस से विवाद के वक्त अमरिंदर सिंह भाजपा में शामिल हो सकते थे। हालांकि, तब अमरिंदर ने शर्त रखी है कि केंद्र सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस ले ले और इस कदम का श्रेय कैप्टन को ही दे। हालांकि, भाजपा ने अमरिंदर के कांग्रेस से अलग होने तक ऐसा कोई ऐलान नहीं किया। चौंकाने वाली बात यह है कि अमरिंदर के अलग पार्टी बनाने के ऐलान के महज दो हफ्ते बाद ही पीएम नरेंद्र मोदी ने कृषि कानून वापस लेने का एलान कर दिया। इस तरह आखिरकार चुनाव से पहले अमरिंदर सिंह को पंजाब लोक कांग्रेस का गठबंधन भाजपा से कराने में आसानी हुई। पंजाब विधानसभा चुनाव में अमरिंदर सिंह की पार्टी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। पंजाब में एक बड़ा चेहरा होने के बावजूद अमरिंदर ने जिन 28 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, उन सभी को हार मिली। खुद अमरिंदर भी चुनाव हार गए। उनकी पार्टी को महज आधा फीसदी वोट से संतोष करना पड़ा। वहीं, सहयोगी भाजपा कृषि कानूनों पर विरोध का सामना करने के बावजूद दो सीटें हासिल करने में सफल रही। भाजपा के लिए भी बिना किसी सिख चेहरे के राजनीति को आगे बढ़ाना आसान नहीं है। पार्टी पंजाब में ऐसे नेता को आगे बढ़ाना चाहती है, जिसका सिख समुदाय में बेहतर प्रभाव हो और पंजाब में लोकप्रिय चेहरा हो। अमरिंदर सिंह के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अच्छे व्यक्तिगत संबंध हैं। जब वह पंजाब के सीएम थे तो उन्होंने ऑन रिकॉर्ड कहा था कि पीएम संपर्क करने पर हमेशा सहयोग करते हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह दो बार कांग्रेस से पंजाब के मुख्यमंत्री रहे हैं लेकिन अब सवाल उठ रहा है कि भाजपा में शामिल होने के बाद उनकी क्या भूमिका रहेगी। कैप्टन इस समय 80 साल के हैं। वहीं, भाजपा आमतौर पर 75 से ऊपर के नेताओं को टिकट नहीं देती है। ऐसे में कैप्टन के लिए पंजाब में खुद के लिए किसी तरह की चाहत रखना मुश्किल है।

हालांकि, बीते विधानसभा चुनाव में कैप्टन के बेटे रणइंदर सिंह ने भाजपा-पंजाब लोक कांग्रेस के बीच तालमेल बिठाने और टिकटों की बंटवारे में अहम भूमिका निभाई थी। रणइंदर इन चुनावों में पार्टी को फायदा दिलाने या खुद को बड़े नेता के तौर पर स्थापित करने में सफल तो नहीं हुए, लेकिन अमरिंदर के उत्तराधिकारी के तौर पर उनके नाम की चर्चा शुरू हो गई।

## विचार-निर्विचार, चिंतन-अचिंतन

पूरा विश्व, विचारों पर चलता है, सारे आविष्कार, युध्द, आतंकवाद, साहित्य सृजन, भाषण, प्रवचन, तू-तू, मैं-मैं सब विचारों की देन है। विचार ही सब कार्यों को अंजाम देता है। भक्ति, प्रार्थना, व्यवहार, सेवा सब विचारों की देन है। हम सोचते हैं तो करते हैं होता है। अब प्रश्न यह है कि विचार कैसे हो, दो श्रेणियों में बांटा गया है उन्हें, सकारात्मक, नकारात्मक, सकारात्मकता निर्माण करती है, नकारात्मकता विध्वंस, मनुष्य ने सभ्यता को ऊंचाई तक पहुंचाया है एक तरफ तो दूसरी तरफ नृशंसता के गर्त में भी। जैसे विचार वैसा वातावरण और वृत्त। विचार करना सुविचार करना कोई किसी को जबरदस्ती नहीं सीखा सकता क्योंकि संस्कार, लालन-पालन, शिक्षा, मनन-चिंतन, संगति, वातावरण से विचारों में परिवर्तन होता है। पता नहीं यह दुनिया कब से बनी है, मनुष्य ने सोचना कब से शुरू किया, उसमें कैसे-कैसे परिवर्तन होते गया यह एक बड़ा गूढ़ विषय है। इस पर शास्त्र रचे जा सकते हैं। विचारों ने ही तो इतना ज्ञान इस विश्व को दिया है विज्ञान, साहित्य, शिक्षा, राजनीति, धर्म, कानून, जैसे-जैसे आवश्यकताएं होती गई या बढ़ती गई सब आविष्कार या रचना होती गई। आतंकवाद, विस्तारवाद, युध्द भी विचारों का खेल है। नेतृत्व के गलत विचारों का खामियाजा पूरे देश को देना होता है, कौम हो देना होता है। धार्मिक उन्माद भी कुछ गलत विचारों की देन है। बुध्दिहीन या कम बुध्दि वाले लोगों को बुध्दिमान चालाक लोग भेड़ों की तरह हांक कर अपने ढंग से उपयोग या दुरुपयोग करते हैं। इन्सान का अपना वजूद जब कमजोर होता है तो वह हिप्मोटाइज हो जाता है दूसरों से और पीछे-पीछे चलने लगता है, उसे पता नहीं होता कि वह कुएं में जाएगा या खाई में। हर कर्म के पीछे विचार होता है। सत्कर्म और बुरे कर्म। बिना विचारे कोई कुछ नहीं करता, यह अलग बात है कि कितनी गहराई और गंभीरता से विचार किया जाता है। आदमी हमेशा विचारों के हिंडोले में हिचकोले खाता रहता है, कभी आनंददायक कभी दुख देने वाले विचारों से स्वास्थ्य, विचार से रोग, वीरोचित कार्य कायराना कार्य। इसलिए विचारों को सुधार लीजिए सब कुछ ठीक हो जाएगा। मेडिकल इंसान और रिसर्च में भी यही पाया गया है कि रोग विचारों की देन है नकारात्मक विचारों की। सकारात्मक विचारों से, आशा, विश्वास से लोग निरोग होते देखे गए हैं। गीता में कहा गया है चित्त वृध्दि निरोध की स्थिति में आना याने सब दृष्टि से संतुलन, शांति, आनंद, निर्भयता में जीना। अति प्रसन्न और अति दुखी होना भी गलत है। हमेशा समस्थिति में रहना। भगवान विष्णु की तरह जो शेष नाग की शैया पर (विषमता) में भी शांत और प्रसन्न रहते हैं हमें हमारे पौराणिक दृष्टांतों से बहुत कुछ हासिल हो सकता है पर हम पढ़े सोचे और चलें तब। सोचिए आपको कैसे जीना है।

## भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने हेतु नागरिकों में स्व का भाव जगाना आवश्यक



लेखक-प्रहलाद सबनानी
(ईएमएस)

किसी भी देश में सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए स्व आधारित सामूहिक दृष्टिकोण होना आवश्यक है। भारत के संदर्भ में स्व का मूल हिंदुत्व में ही निहित है, और भारत में स्व आधारित इतिहास मिलता है। इस दृष्टि से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम भी एक आध्यात्मिक एवं नैतिक कार्य था, क्योंकि यह भारत में पुनः सनातन धर्म को स्थापित करने हेतु किया गया संघर्ष था। महर्षि श्री अरबिंदो ने तो इसी कारण से उस समय पर कहा भी था कि स्व आधारित स्वतंत्रता संग्राम को हमारे जीवन के सभी क्षेत्रों में ले जाने की आवश्यकता है। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1498 में वास्को डिगामा पुर्तगाल से कालिकट में व्यापार करने नहीं आया था, बल्कि वह सम्भवतः ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करने के लिए आया था। अंग्रेजों के बारे में भी कहा जाता है कि वे व्यापार के लिए आए थे पर शायद उनका भी अप्रत्यक्ष कार्यक्रम भारत में ईसाईयत फैलाना ही था। वरना वे पादरियों को साथ क्यों लाए थे? ईसाई धर्म की पुस्तकें भी साथ क्यों लाए थे? इसीलिए कहा जाता है कि पहला स्वतंत्रता युद्ध वर्ष 1857 में नहीं हुआ था बल्कि इसके पूर्व भी इस प्रकार के युद्ध भारत में होते रहे हैं। रानी अबक्का (कालिकट) ने पुर्तगालियों से युद्ध किया था और यह विरोध वर्ष 1554 आते आते बहुत बढ़ गया था। स्वतंत्रता संग्राम की मूल प्रेरणा भी स्व का भाव ही थी। यह युद्ध भी स्व के लिए ही था। इसलिए आज स्व के भाव को समाज में ले जाने के प्रयास हम सभी को करने चाहिए। देश के इतिहास को कैसे बदला जाता हैं और इसका समाज पर कैसा प्रभाव पड़ता है यह भारत की स्थिति में स्पष्ट रूप से उभर कर सामने आता है। अपने ही देश का गल्त इतिहास पढ़कर समाज निरुत्साहित हो जाता है। जैसा कि भारत के बारे में अंग्रेज कहते थे कि भारत एक देश नहीं है बल्कि यह टुकड़ों टुकड़ों में बटां कई राज्यों का एक समूह है, क्योंकि यहां के विभिन्न भौगौलिक क्षेत्रों पर अलग अलग राजाओं का राज्य स्थापित था। अंग्रेज कहते थे कि उन्होंने इन समस्त राजाओं को एक किया और भारत को एक देश बनाया। जबकि देश के विभिन्न भूभाग पर अलग अलग राजा राज्य जरूर करते थे परंतु वे स्व के भाव को लेकर भारत को एक महान शक्ति बनाए हुए थे। देश के नागरिकों में नकारात्मक भाव विकसित करने वाले व्यक्ति, देश के नागरिकों का मानसिक और बौद्धिक विनाश करते हैं, और ऐसा अंग्रेजों ने भारत में किया था। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों द्वारा सनातन हिंदू बुद्धिजीवी पुस्तकों का योजनाबद्ध तरीके से एक तरह का संहार किया गया था। ब्रिटिश शासन काल में अंग्रेजों ने जाति और साम्प्रदायिक चेतना को उकसाते हुए प्रतिक्रियावादी ताकतों की मदद भी की थी। ईस्ट इंडिया कम्पनी शासनकाल में, पश्चिमी सभ्यता के आगमन के फलस्वरूप ईसाई मिशनरियों की गतिविधियां सक्रिय रूप में काफी व्यापक हो गई थीं। ये मिशनरियां ईसाइयत को श्रेष्ठ धर्म के रूप में मानती थी, और पश्चिमीकरण के माध्यम से वे भारत में इसका प्रसार करना चाहती थीं, जो उनके अनुसार धर्म, संस्कृति और भारतीयता के स्व में यहां के मूल निवासियों के विश्वास को नष्ट कर देगा। इस दृष्टि से ईसाई मिशनरियों ने उन कट्टरपंथियों का समर्थन किया, जिनका वैज्ञानिक दृष्टिकोण, उनके अनुसार, भारतीय देशी संस्कृति और विश्वासों तथा भारतीयता के स्व को कमजोर करने वाला था। साथ ही उन्होंने साम्राज्यवादियों का भी समर्थन किया, क्योंकि उनके प्रसार के लिए कानून और व्यवस्था एवं ब्रिटिश वर्चस्व का बना रहना आवश्यक था। भारतीय नागरिकों में जब जब स्व की प्रेरणा जागी है तब तब भारत जीता है। वर्ष 1911 में बंगाल में एक प्रेजीडेन्सी के विभाजन किए जाने के विरुद्ध पूरा भारत एक साथ उठ खड़ा हुआ था। जबकि, वर्ष 1947 में भारत के विभाजन को रोकने ने लिए संघर्ष क्यों नहीं हुआ। क्योंकि इस खंडकाल में भारत में नागरिकों के स्व के भाव को व्यवस्थित तरीके से अंग्रेजों ने कमजोर कर दिया था। अंग्रेजों ने सोची समझी रणनीति के अंतर्गत मुस्लिम अतिवादी संगठनों, जैसे मुस्लिम लीग, आदि को बढ़ावा दिया। कांग्रेस जो कभी हिंदू पार्टी मानी जाती थी उन्होंने अपने ऊपर इस लेबल को हटाने के लिए मुस्लिमों की जायज/नाजायज मांगे माननी शुरू कर दीं ताकि वह एक धर्मनिरपेक्ष (सेक्युलर) पार्टी कहलाए। हालांकि, इसके बाद कांग्रेस का झुकाव भी मुस्लिमों की ओर होता चला गया एवं कांग्रेस में हिंदुओं का तिरस्कार प्रारम्भ हो गया था। वर्ष 1923 आते आते कांग्रेस ने वन्दे मातरम गीत को अपने विभिन्न आयोजनों से बाहर कर दिया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को कांग्रेस में अप्रासंगिक बना दिया गया। स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरबिंदो, वीर सावरकर, आदि जिन्होंने भारत के नागरिकों में स्व के भाव को जगाया था उनके योगदान को भी व्यवस्थित तरीके से भुला दिया गया। भारत को भाषाई आधार पर भी विभिन्न टुकड़ों में बांटने के प्रयास हुए। दुर्भाग्य से भारत, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी, अपने नागरिकों में ह्लस्वह्व का भाव जगाने में असफल रहा है क्योंकि भारत में जिस प्रकार की नीतियों को लागू किया गया उससे देश के नागरिकों में देशप्रेम की भावना बलवती नहीं हो पाई एवं स्व का भाव विकसित ही नहीं हो पाया।

## प्रसंगतः संगठन का महत्त्व

स्वामी विवेकानंद धर्म प्रचार करते हुए एक रियासत में पहुँचे। उस रियासत का जागीरदार धर्म के नियमों को धता बताकर लोगों का उत्पीड़न करता था। प्रवचन समाप्त होने के बाद अपना यही दुःख कहने कुछ व्यक्ति स्वामीजी के पास पहुँचे। उन्होंने स्वामीजी से कहा, 'हम धर्म के अनुसार सादा जीवन जीने का प्रयास करते हैं, लेकिन जागीरदार के लठैत हमें चैन से भगवान् की भक्ति और परिवार का पालन नहीं करने देते। हमें क्या करना चाहिए?' स्वामीजी ने पूछा, 'क्या जागीरदार पड़ोस के शासक से भी झगड़ा करता है?' उन्हें बताया गया कि पड़ोस का जागीरदार उससे ज्यादा शक्तिशाली है। वह उससे डरता है। स्वामीजी ने कहा, 'यही तो प्रकृति का नियम है। शिकारी हिरन और अन्य कमजोर प्राणियों का ही शिकार करता है। मछुआरा निरीह मछली को ही जाल में फांसता है। कुछ अंधविश्वासी देवता के सामने निरीह बकरे की ही बलि देते हैं। क्या कभी किसी को शेर की बलि देते देखा है?' कुछ क्षण रुककर स्वामीजी ने कहा, 'आप सब भगवान् की भक्ति के साथ-साथ संगठित होकर शक्ति का संचय करें। शरीर से बलिष्ठ बनने पर अत्याचार का विरोध करने का साहस पैदा होगा। जब कारिंदा धमकी देने आए, तो सब इकट्ठा होकर उसका मुकाबला करो।' स्वामीजी की प्रेरणा से ग्रामीणों ने संगठित होकर जागीरदार का विरोध किया। विरोध की आवाज उठते ही जागीरदार के होश ठिकाने आ गए, उसने उन्हें सताना छोड़ दिया।

# पेयजल व्यवस्था को बेहतर, सीवरेज व्यवस्था को मजबूती दें: सांसद कौशिक

**सोनीपत, (हि. स.)।** सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि पेयजल व्यवस्था को बेहतर, सीवरेज व्यवस्था को मजबूती दें। सफाई व्यवस्था की स्थिति सुधार के निर्देश दिए और ठेका लेने वाली संबंधित निजी कंपनी की प्रगति रिपोर्ट तलब की। वे बुधवार को जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति की अध्यक्षता सांसद रमेश कौशिक कर रहे थे। एजेंडा में शामिल मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि मनरेगा में अधिकाधिक लोगों को काम दिया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना जरूरतमंद को योजना का लाभ मिले 17वीं लोकसभा के तहत 755.47 लाख रुपये की उपलब्ध राशि मे से 672.78 लाख रुपये की राशि के 102 विकास कार्य करवाने की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 57 कार्य पूरे किये जा चुके हैं और 24 कार्य प्रगति पर है। शेष 21




कार्यों को भी जल्द शुरू करवाया जाएगा। सांसद कौशिक ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि 115 किलोमीटर की लंबाई के 11 सडकमार्ग स्वीकृत किये गये जिनमें से नौ रोड पूर्ण हो चुके हैं। शेष दो सडकमार्ग भी दो माह के भीतर पूरे कर लिए जाएंगे। पेंशन योजनाओं को लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सुगम्य भारत अभिान, डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मार्डनाईजेशन,अमरूत योजना, दीनदयान उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, एकीकृत ऊर्जा विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समग्र शिक्षा, समेकित बाल विकास योजनाओं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना तथा सडक सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश दिए। विधायक सुरेंद्र पंवार, उपायुक्त ललित सिवाच, नगर निगम की आयुक्त मोनिका गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, जिला परिषद के सीईओ डा. सुशील मलिक, एसडीएम आशीष कुमार, एसडीएम सुरेंद्र सिंह दून, एसडीएम शिखा, सीटीएम डा. अनमोल, जिला राजस्व अधिकारी हरओम अत्री, बीडीपीओ अमित मान व अंकिता वर्मा, डा. अनिल सहरावत, डा. जयकिशोर, एक्सईएन प्रशांत कौशिक, एक्सईएन पंकज गौड़, पार्षद पुनीत राई शामिल रहे।

# किसानों ने खराब फसल की जल्द गिरदावरी के लिए ज्ञापन सौंपा

**यमुनानगर, (हि.स.)।** जिला यमुनानगर के किसानों ने अखिल भारतीय किसान सभा व किसान सभा हरियाणा के आह्वान पर धान (जीरी) व गन्ना की फसल खराब कि जल्दी गिरदावरी करवाने बारे तथा लंपी बीमारी से मरने वाले पशुओं का मुआवजा पशु पालकों को देने बारे बुधवार को अनाज मंडी जगाधरी में प्रदर्शन करके उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने मांग की कि जल्दी से जल्दी पूरी फसल की गिरदावरी करवाकर फसल खराबे का आकलन किया जाए। प्रति एकड़ कम से कम 60 हजार रुपए के हिसाब से मुआवजा दिया जाए व डीजल सस्ते रेट पर किसानों को मुहैया करवाया जाए। सभी किसानों को कर्जा मुक्त किया जाए। लंपी बीमारी से मृत पशुओं गाय भैंस आदि का सर्वे करवाकर पशु पालकों को मुआवजे का



भुगतान जल्दी से जल्दी किया जाए। आढ़तियों की मांगों का बातचीत से जल्दी से जल्दी समाधान किया जाए, ताकि मंडी में खरीद शुरू हो।

उन्होंने कहा कि 25 सितंबर से जीरी की खरीद सुनिश्चित की जाए। अखिल भारतीय किसान सभा व किसान सभा हरियाणा के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि किसान के जिन खेतों में फसल बर्बाद हो गई है वहां पर ट्रैक्टर चलाकर अगली तैयारी में लग गए हैं। इस लिए सर्वे जल्द से करवाया जाए। किसान नेताओं बातचीत में बताया कि बहुत से गांव में जानकारी मिली है कि फसल ज्यादा खराब है। लेकिन सर्वे में कम दिखाया गया है। कुछ गांव की लिस्ट भी उपायुक्त को सर्वे करने के लिए सौंपी गई। किसान नेताओं ने किसानों को कहा कि गेहूं की फसल खराब का अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। सरकार ने अभी तक किसानों व पशु पालकों की कोई मदद नहीं की। इससे साफ पता चलता है कि सरकार किसान व मजदूर विरोधी है। इस मौके पर किसान शामिल रहें।

# फरीदाबाद में तोड़े जाएंगे कब्जा कर बनाए 118 धार्मिक स्थल

**फरीदाबाद (ईएमएस)।** फरीदाबाद में सरकारी जमीन पर कब्जा करके अवैध रूप से बनाए गए 118 धार्मिक स्थलों को तोड़ा जाएगा। सोमवार को चंडीगढ़ एवं हरियाणा हाईकोर्ट की सख्ती के बाद नगर निगम रिपोर्ट तैयार करने में जुट गया है। नगर निगम को कार्रवाई की रिपोर्ट हरियाणा सरकार को सौंपनी होगी। इस आधार पर हरियाणा सरकार कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करेगी। हालांकि कार्रवाई की तारीख अभी तय नहीं हुई है। गौरतलब है कि सोमवार को आदेश जारी कर कोर्ट ने हरियाणा सरकार से कार्रवाई रिपोर्ट तलब की है। वर्ष 2009 में सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी जमीन पर कब्जा करके अवैध रूप से बने धार्मिक स्थलों को हटाने के आदेश हरियाणा सरकार को दिए थे। इसके बाद सरकार ने 29 सितंबर 2009 से पहले बने धार्मिक



स्थलों को लेकर नीति बनाई थी। जिसके तहत शहर का सर्वे करवाया गया था। जिसमें निगम के शहरी परिधि में सरकारी जमीन पर 118 धार्मिक स्थलों की सूची तैयार की गई। इनमें पार्क, रोड, स्कूल आदि क्षेत्रों में 40 स्थल बने हुए थे। बेशकीमती जमीन पर कब्जा नगर निगम सर्वे रिपोर्ट में अधिकांश धार्मिक स्थल हाईवे या फिर शहर की मुख्य सड़कों के साथ बने हैं। इनके आसपास काफी दुकानें भी बनी हुई हैं। खास दिन यहां लोगों की काफी भीड़ होती है। इसका असर ट्रैफिक पर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद इसे हटाने में सरकारी एजेंसियां नाकाम हो रही हैं। कई वर्ष से चल रहे इस मामले को लेकर निगम अभी तक चंद स्थलों को ही हटा पाया है। राष्ट्रीय राजमार्ग व शहर के केंद्र में इनकी तादाद ज्यादा है। निगम की रिपोर्ट के मुताबिक 65 स्थल एक हजार से कम तथा 13 स्थल एक हजार गज से ज्यादा क्षेत्रफल में है।

## सम्मान दिवस रैली होगी ऐतिहासिक: करीवाला

**-उमड़ेगी लाखों की भीड़ देश के राजनीतिक दिग्गज भी देंगे श्रद्धांजलि**

**सिरसा, (हि.स.)।** इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला ने कहा कि आगामी 25 सितंबर को जिला फतेहाबाद में पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती पर आयोजित होने वाली सम्मान दिवस रैली ऐतिहासिक होगी और इसमें देशभर के राजनीतिक दिग्गजों के अलावा लाखों लोग अपने जननायक को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। बुधवार को जारी बयान में इनेलो जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला ने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने सदैव गरीब, पिछड़ों, किसानों, श्रमिकों व बुजुर्गों के हितों को तरजीह दी और यही कारण है कि उन द्वारा किए गए कार्यों को वर्तमान राजनीति में भी एक उदाहरण के तौर पर लिया जाता है। करीवाला ने कहा कि इस सम्मान दिवस रैली की तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं और सिरसा जिले के सभी पांचों हलकों से लाखों लोग अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि देने जाएंगे। इतना ही नहीं इस रैली में जम्मू कश्मीर के नेता फारूख अब्दुल्ला, पंजाब के पूर्वमुख्यमंत्री स. प्रकाश सिंह बादल, बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, उत्तरप्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, सीताराम येचूरी, तृणमूल कांग्रेस के अनेक दिग्गज नेता भी उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

# जापान के अकादमिक प्रतिनिधिमंडल ने किया जेसी बोस विवि का दौरा

**-अनुसंधान एवं अकादमिक सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा**

**फरीदाबाद, (हि.स.)।** जापान के एक अकादमिक प्रतिनिधिमंडल ने अनुसंधान तथा अकादमिक सहयोग पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से बुधवार को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का दौरा किया तथा सिविल तथा पर्यावरणीय इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अनुसंधान सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की। इस अवसर पर टोक्यो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जापान के सिविल एवं एनवायरमेंट विभाग इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सोहिची हिरोसे और एहिमे विश्वविद्यालय, जापान में प्रोडक्शन एवं एनवायरमेंट विभाग के प्रोफेसर ताइजो मारुयामा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल के साथ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर



पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. तिलक राज, कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के प्राचार्य डॉ. संजीव गोयल तथा सिविल इंजीनियरिंग तथा पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे। प्रो. सोहिची हिरोसे ने कहा कि टोक्यो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जापान में उच्च शिक्षा के सबसे पुराने संस्थानों में से एक है, और यह एक राष्ट्रीय शोध विश्वविद्यालय है। इसमें इंजीनियरिंग और विज्ञान के क्षेत्र में विभिन्न स्कूल, विभाग और अनुसंधान केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग विभाग इंस्टीट्यूट के पर्यावरण और समाज स्कूल के अंतर्गत आता है। उन्होंने दो संस्थानों के बीच अनुसंधान सहयोग के दायरे की संभावना पर भी चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग एवं पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभागों के संकाय सदस्यों के साथ बातचीत भी की और सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रयोगशालाओं और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।

## देवीलाल जयंती में नीतीश के साथ आएंगे तेजस्वी, शरद पवार, राव व अभिषेक बैनर्जी भी लेंगे कार्यक्रम में हिस्सा

**फतेहाबाद (ईएमएस)।** ताऊ देवीलाल के 107वें जन्मदिन पर आयोजित 25 सितंबर की रैली को अब चंद दिन रह गए हैं, ऐसे में जनसंपर्क के साथ साथ इनेलो हाइकमान ने अब इसे लेकर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी बांटनी शुरू कर दी है। चूंकि लंबे समय के बाद इस रैली के माध्यम से देशभर के दिग्गज विपक्षी नेता एकता का संदेश देंगे, ऐसे में इस रैली में हर व्यवस्था को एक दम परफेक्ट रखने के लिए अभय चौटाला और उनका परिवार तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। विपक्षी नेताओं की अगवानी से लेकर उनके खाने तक की हर व्यवस्था खुद अभय चौटाला ने फाइनल की है। उनके दोनों बेटे करण चौटाला और अर्जुन चौटाला पर्दे के पीछे से सारी व्यवस्थाओं में पिता की मदद करते दिखेंगे। इनेलो रैली की व्यवस्थाएं संभाल रहे पार्टी प्रदेश कार्यालय सचिव नछतर सिंह ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव स-



रकारी विमान से सिरसा पहुंचेंगे। उनका हवाई जहाज सिरसा की हवाई पट्टी पर उतरेगा और खुद अभय चौटाला उन्हें रिसीव करेंगे। इसके बाद वह दोनों को सिरसा स्थित अपने निवास पर लेकर पहुंचेंगे जहां पर नाश्ता आदि करने के बाद सडक मार्ग से वे फतेहाबाद आएंगे। एनसीपी प्रमुख और महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पंवार सडक मार्ग से दिल्ली से फतेहाबाद तक आएंगे। बाकी दिग्गज राजनेता विभिन्न हेलीकाप्टर्स से फतेहाबाद पहुंचेंगे। उनके हेलीकाप्टर्स की लैंडिंग के लिए एमएम कालेज के पीछे स्थित खाली मैदान में तीन हेलीपेड बनाने की अनुमति मांगी गई है। हेलीकाप्टरों से आने वाले नेताओं में पंजाब के सुखबीर बादल, फारूख अब्दुल्ला, तेलंगाना मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव, माकपा नेता सीताराम येचुरी, राजस्थान के सांसद हनुमान बैनीवाल शामिल होंगे। ममता बनर्जी इस रैली में अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को भेज रही हैं जो विशेष हेलीकाप्टर से आएंगे। फतेहाबाद की अतिरिक्त अनाजमंडी में बनाए गए रैलीस्थल पर पहुंचने से पहले देशभर के राजनीतिक दिग्गज एमएम कालेज में एकत्रित होंगे और यहां पर खाना खाएंगे। इसके लिए करनाल की कैटरिंग को जिम्मा सौंपा गया है। बुधवार दोपहर तक सभी नेताओं की पसंद का मेन्यू पहुंच जाएगा। हरियाणा की ओर से विशेष हलवा और खीर मेहमानों को परोसी जाएगी। एमएम कालेज में पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला सभी दिग्गज नेताओं का स्वागत और अगवानी करेंगे। बताया जाता है कि सिरसा से नीतीश और तेजस्वी भी सीधा एमएम कालेज आएंगे और यहीं से सभी नेता एक साथ रैली स्थल पर पहुंचेंगे और विपक्षी एकता का प्रदर्शन करेंगे।

## जिला कारागार में लगी लोक अदालत में दो बंदियों को किया गया रिहा

**सोनीपत, (हि.स.)।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चन्द्र ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार तथा जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के मार्गदर्शन में जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 17 केसों को सुनवाई के लिए रखा गया, जिसमें दो बंदियों को बुधवार को रिहा कर दिया गया। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में हर महीने में दो बार लोक अदालत का आयोजन किया जाता है, जिसमें छोटे अपराधों में बंद बंदियों के केसों की सुनवाई कर उनका त्वरित निपटान किया जाता है। इस मौके पर जिला कारागार के अधीक्षक राजेन्द्र सिंह व उप-अधीक्षक कृष्ण कुमार मान उपस्थित रहे।

## नगर परिषद वाईस चैयरमेन बने सतेंद्र मोर बने वॉइस चैयरमेन

**भिवानी, (हि.स.)।** नगर परिषद के उपप्रधान पद के लिए बुधवार को चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में सतेंद्र मोर को 31 में से 19 वोट मिले। उन्हें विजय घोषित किया गया। सबसे बड़ी बात यह दिखी की सतेंद्र मोर के कांग्रेस में होने के बावजूद वे भाजपा विधायक घनश्याम सर्राफ, सांसद धर्मबीर सिंह एवं चैयरमेन प्रतिनिधि भवानी प्रताप का धन्यवाद किया कि उन्होंने शांति पूर्ण व भाईचारे से चुनाव करवाया। भिवानी नगर परिषद भिवानी को उपप्रधान मिल गया। सतेंद्र मोर ने प्रतिद्वंद्वी अंकुर शर्मा को हराया। सतेंद्र सिंह को एसडीएम सन्दीप ने विजय घोषित किया। सतेंद्र मोर ने अपनी जीत पर कहा कि वे विधायक घनश्याम सर्राफ, सांसद धर्मबीर सिंह व चैयरमेन प्रतिनिधि भवानी प्रताप का धन्यवाद किया कि शांति पूर्ण ढंग से चुनाव आज संपन्न करवाया। मोर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि वे वार्डो का विकास करवाया जाए, इसके लिए वे चैयरमेन प्रीति भवानी प्रताप के साथ कंधे के साथ कंधा मिलाकर काम करेंगे। वही भिवानी के एसडीएम संदीप अग्रवाल ने कहा कि आज चुनाव करवाया गया था। 2 लोगो ने नामांकन दाखिल किया था जिसमे सतेंद्र सिंह ने 19 वोट लेकर जीत हासिल की है।

# डीसी ऑफिस से हाईकोर्ट को भेजे जाने वाले अदालत के फैसले का रिकॉर्ड चोरी

**कैथल, (हि.स.)।** डीसी कार्यालय से कैथल के सिविल सब जज नरेंद्र कुमार की अदालत के फैसले की मिसल गुम हो गई। 16 मई 1989 को दिए गए फैसले की मिसल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मांगी थी। मिसल उपलब्ध करवाने के लिए एक नवंबर 2012 को सिविल जज सीनियर डिविजन राजीव गोयल ने भी डीसी कार्यालय को पत्र लिखकर हाईकोर्ट को मिसल भेजने के लिए कहा था। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ने भी उक्त फैसले की मिसल हाई कोर्ट को भेजने के लिए डीसी कार्यालय को पत्र लिखा था। डीआरओ ने डीसी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी प्रेम बड़थ्वाल, गुरमीत सिंह, देवीदयाल, सुरेश कुमार व सुखविंदर के इस बारे में बयान लिए थे। उन्होंने डिस्पैच रजिस्टर दिखाते हुए कहा कि उन्होंने 16 मई 1989 के फैसले का रिकॉर्ड तलाश किया। इसका इंद्राज कंप्यूटर में दर्ज नहीं था, जबकि रिकॉर्ड से संबंधित पत्राचार




21 दिसंबर 2012 को दर्ज होना पाया गया। इसके बाद डीआरओ ने रिकॉर्ड रूम में कार्यरत क्लर्क सुरेंद्र एसडीएम कार्यालय गुहला में कार्यरत डब्ल्यूबीएन के बयान लिए। जिन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड आम दीवानी रजिस्टर में दर्ज नहीं है। जिसकी सूचना राजीव गोयल सिविल जज सीनियर डिविजन 21 दिसंबर 2012 को पत्र द्वारा दे दी गई। इसके बाद डीसी कार्यालय में कार्यरत क्लर्क सुरेश सेतिया के बयान पर थाना सिविल लाइन में सिविल जज नरेंद्र कुमार के फैसले की मिसल चोरी होने का मामला दर्ज करवाया गया।

# लंपी वायरस का कहर को देखते हुए युवाओं ने गौशाला में दान की दवाइयां

**मोहित शुक्ला।** नोएडा सेक्टर 62 स्थित गौशाला में टोट मॉल के युवा व्यापारियों ने चंदा एकत्रित कर गायों के इलाज के लिए दवा का प्रबंध किया है। युवाओं की इस अनोखी पहल की लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है। नोएडा के सेक्टर 62 स्थित टोट मॉल में कार्य करने वाले व्यापारियों ने गौ सेवा के लिए एक समूह बनाया है जिसकी मदद से वे समय-समय पर गौशाला में गायों के लिए मदद पहुंचाते रहते हैं। इसी क्रम में मंगलवार को युवा व्यापारियों ने लंबी वायरस के इलाज के लिए दवा का प्रबंध करने हेतु चंदा एकत्रित किया। टोट मॉल के युवा व्यापारी अमन दयाल ने बताया कि वे सभी लोग मिलकर गौशाला में समय-समय पर दान देने के साथ अन्य कार्य में सहयोग



करते रहते हैं, उन्होंने लोगों से अपील की है कि हर व्यक्ति आगे आकर उनके इस कार्य में सहयोग प्रदान करे ताकि वे गायों की ज्यादा से ज्यादा मदद कर सके। उन्होंने बताया कि उनके समूह का नाम महाकाल ग्रुप नोएडा सेक्टर 62 टोट मॉल रखा है जिसमें रमन, प्रवेश, सूरज सोनी, अमित सिंह, दीन अंसारी, मुन्ना, बजरंग किशोर पटेल व सन्नी वर्मा शामिल है। उन्होंने बताया की गोशाला का संचालन कपिल की देख रेख में किया जाता है। कपिल गायों की सेवा में अपना काफी समय व धन देते हैं। समूह के सदस्यों से लोगों से अपील की है कि जो भी व्यक्ति गोवंशों की मदद करना चाहता हो वह टोट मॉल मार्केट में आकर उनसे संपर्क कर सकता है।

## अपनत्व के सामने पांच सितारा होटल के पकवान भी फीके: भानु प्रताप

**-केंद्रीय राज्य मंत्री ने कार्यकर्ता के घर जमीन पर बैठकर किया भोजन**

**सोनीपत, (हि. स.)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने खरखौदा के गांव पीपली की कार्यकर्ता कौशल्या देवी के आवास पर सादगी के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराओं में आनंददायक है। अपनत्व और प्रेम के सामने पांच सितारा होटल के पकवान भी फीके हैं। उनके साथ राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली तथा भाजपा के जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, लोकसभा संयोजक जवाहर सैनी, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने भी भोजन ग्रहण किया।



साथ ही जिला महामंत्री योगेशपाल अरोड़ा, मीना नरवाल, आजाद सिंह नेहरा, रविंद्र दिलावर, चरण सिंह जोगी व अन्य पदाधिकारी तथा कार्यकताओं ने भी भोजन ग्रहण किया।राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली ने भी कहा कि कार्यकताओं के साथ भोजन करने का अलग ही आनंद आता है।भाजपा के जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा ने कहा कि उनके कार्यकर्ता भले ही आर्थिक रूप से संपन्न नहीं किंतु अतिथि सत्कार में वे कभी पीछे नहीं हटते।

# साइबर ठगों ने वाट्सएप पर लिंक से लोन के जाल में फंसा कर ठगे 61.40 लाख रुपये

**कैथल (ईएमएस)।** तरह-तरह से स्मार्ट फोन से ठग आम लोगों से धोखाधड़ी कर रहे हैं। करीब-करीब रोजाना हो रही घटनाओं से भी लोग सीख नहीं ले रहे और इनके झांसे में आकर लाखों गंवा रहे हैं। ऐसे ही कैथल के गांव रामथली के संदीप सिंह वाट्सएप पर लोन के नाम से आए एक लिंक पर क्लिक कर बैठे और फिर ठगों के जाल में फंसते चले गए। संदीप से फर्जी अश्लील फोटो और वीडियो के सहारे ब्लैकमेल करके ठगों ने आनलाइन 61.40 लाख रुपये ठग लिए। उसने इसकी शिकायत एसपी मकसूद अहमद को दी, जिसके बाद साइबर थाना में केस दर्ज दर्ज किया गया है। संदीप ने बताया कि वह गांव में इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान चलाता है। 16 मार्च 2022 को उसके वाट्सएप पर लोन से संबंधित एक लिंक आया, जिस पर उसने क्लिक किया।

क्लिक करते ही उसके फोन में मनी वालेट नाम का एप इंस्टाल हो गया। इसके थोड़ी देर में ही एक लड़की का फोन आया और उसके कहने पर उसने आधार कार्ड और पैन कार्ड एप पर अपलोड कर दिए। इससे उसके एक्सिस बैंक के खाते में 49 हजार रुपये की लोन राशि आ गई। संदीप के अनुसार एक एक सप्ताह बाद उसके पास लोन चुकता करने के लिए वाट्सएप काल आई तो उसने पूछा कि लोन तो किश्तों में चुकाना था। तब फोन पर बात करने वाला संदीप को गालियां व जान से मारने की धमकियां देने लगा। उसने डर में 82 हजार 396 रुपये मनी वालेट एप पर डाल दिए। उसी दिन उसके खाते में बिना मांगे 55 हजार रुपये की लोन राशि आ गई। उसके एक हफ्ते बाद एक लड़की की वीडियो काल आई और पूरा लोन चुकता करने को कहा। धमकी दी कि अगर ऐसा नहीं किया तो उसकी अश्लील फोटा और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर देंगे। उसी दिन उसके 95496 रुपये ट्रांसफर कर दिए। उसके साथ बार-बार ऐसा किया जाने लगा।

# भारतीय कला शैलियों के 75 साल पूरे होने पर सिंगापुर में प्रदर्शनी का आयोजन

**सिंगापुर (ईएमएस)।** भारत की आजादी को 75 साल पूरे होने के अवसर पर भारतीय कला शैलियों के विकास को प्रदर्शित करने के लिए सिंगापुर में देश के विभिन्न हिस्सों के 85 कलाकारों ने हिस्सा लिया और 170 से अधिक कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



सिंगापुर के परिवहन मंत्री और व्यापार संबंधों के प्रभारी मंत्री एस. ईश्वरन और भारतीय उच्चायुक्त पी. कुमारन ने '75 इयर्स ऑफ इंडियन आर्ट कैनवस टू एनएफटी' शीर्षक वाली चार दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन पिछले बुधवार को सिंगापुर के आर्टपोडियम (कला आधारित समुदाय) द्वारा द आर्ट्स हाउस में किया था। आर्टपोडियम की संस्थापक और प्रमुख प्रदर्शनी आयोजक कविता राहा ने चार दिवसीय प्रदर्शनी के समापन के बाद बताया, यह कुछ महत्वपूर्ण कहानियों को उजागर करने, कलाकारों की यात्रा और अनुभवों का जश्न मनाने और संपूर्ण भारत में कला शैलियों के बदलते विकास की खोज करने का उत्सव था। राहा ने कहा, कला के प्रत्येक हिस्से के पीछे हमेशा थोड़ा रहस्य, कुछ अनुभव और शायद कुछ इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट, बॉम्बे प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप और मद्रास आर्ट्स मूवमेंट जैसे संस्थानों के अलावा आदिवासी और लोक कला के गोंड और पिचवाई कलाकार शामिल रहे।

# जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अध्यक्ष साबा संग की बैठक, बहुपक्षवाद के प्रति दोहराई प्रतिबद्धता

**न्यूयॉर्क, (हि.स.)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भाग लेने पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी के साथ बैठक की। इस बैठक में जयशंकर ने बहुपक्षवाद के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान उन्होंने वैश्विक प्रगति के लिए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के एजेंडे की जरूरत पर भी चर्चा की। विदेश मंत्री ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में भारत के अनुभव सझा किए। उन्होंने कहा, भारत का मानना है कि वैश्विक एजेंडे में विश्व बिरादरी की वास्तविक जरूरतों पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। मौजूदा समय में ये जरूरतें ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, कर्ज तथा उर्वरक-स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के रूप में दिखाई दे रही हैं।



**अल्बानिया से द्विपक्षीय रिश्तों की मजबूती पर जोर –** भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने अल्बानिया की विदेश मंत्री ओल्टा जहाका के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। जयशंकर ने ओल्टा जहाका के साथ मुलाकात की तस्वीरें भी ट्वीट की और कहा कि हमने सुरक्षा परिषद में हमारे करीबी सहयोग को महत्व दिया है। इसके अलावा अल्बालिया से द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने इंडोनेशिया के विदेश मंत्री रेटनो मासुर्डी से जी-20 समूह के अलावा म्यांमार की स्थिति पर भी बातचीत की। इंडोनेशिया अभी जी-20 का अध्यक्ष है और उसके बाद भारत समूह की अध्यक्षता करेगा। भारत एक दिसंबर 2022 से 20 नवंबर 2023 तक एक वर्ष के लिए समूह की अध्यक्षता करेगा। इस बैठक में दोनों पक्षों ने जी20, उससे जुड़ी चुनौतियों और आगे की रणनीति पर विचार साझा किए। दोनों ने म्यांमार गतिरोध पर चर्चा भी की।

# लिस्टर के बाद अब स्मेथविक में हिंदू मंदिर के बाहर उपद्रव

**लंदन, (हि.स.)।** ब्रिटेन में सांप्रदायिक उन्माद तेज हो गया है। भारत-पाकिस्तान के एशिया कप मैच के बाद पहले लंदन के समीप लिस्टर में हिंदू-मुस्लिम दंगा हुआ और अब स्मेथविक में उपद्रव हुआ है। स्मेथविक में मंगलवार को 200 से ज्यादा लोगों ने एक मंदिर के बाहर अल्लाह हू अकबर के नारे लगाए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह उपद्रव इंग्लैंड के स्मेथविक शहर के वेस्ट मिडलैंड्स के दुर्गा भवन पर हुआ।



यहां एक वर्ग ने विरोध प्रदर्शन आयोजित किया था। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। इनमें भीड़ को भड़काने वाले नारे लगाते देखा सुना जा सकता है। वहीं, सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ प्रदर्शनकारी मंदिर की दीवार पर भी चढ़ गए। वायरल वीडियो में 200 से ज्यादा लोग दुर्गा भवन हिंदू मंदिर की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान भीड़ उग्र नारे लगा रही है।

बर्मिंघम वर्ल्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह घटना भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप क्रिकेट के बाद लिस्टर में हुए दंगों से मिलती-जुलती है। लिस्टर की घटना के बाद लंदन में भारतीय उच्चायोग ने भारतीय समुदाय के खिलाफ हिंसा की कड़ी निंदा की थी। उच्चायोग ने इंग्लैंड के प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लिस्टर दंगों के मामले में अब तक 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# पाकिस्तान में पढ़ाई नहीं करने पर पिता ने बेटे को लगाई आग, मौत

**कराची, (हि.स.)।** पाकिस्तान के कराची में बच्चे के पढ़ाई नहीं करने पर एक पिता ने अपने 12 साल के बच्चे को आग लगा दी जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपित पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है, जिसके बाद उसे 24 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक 14 सितंबर को कराची के ओरंगी टाउन में नजीर नामक व्यक्ति ने अपने बेटे शाहीर पर मिट्टी का तेल छिड़का और आग लगा दी। लड़के की मां की शिकायत पर पिता को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। गंभीर रूप से झुलसे लड़के की स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपित को सोमवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और अदालत ने उसे 24 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूछताछ में आरोपित पिता ने कहा कि उसका इरादा बेटे को जान से मारने का नहीं था। उसने बेटे को डराने के लिए मिट्टी का तेल छिड़का था क्योंकि वह स्कूल का होमवर्क नहीं कर रहा था।

# अफगानिस्तान में अभी भी है मसूद अजहर का आतंकी कैंप


**काबुल, (हि.स.)।** दुनिया के मोस्ट वांटेड आतंकियों में से एक मसूद अजहर का अफगानिस्तान में अभी भी आतंकी कैंप है। इस साल संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान के नांगरहाल में जैश के आठ ट्रेनिंग कैंप होने का दावा किया था। अक्टूबर में होने वाली फाइनेंशल टास्क फोर्स की बैठक से पहले पाकिस्तान पर इस बात का दबाव है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर पर कार्रवाई करे। मसूद अजहर वही आतंकी है जिसे 1999 में कंधार हाईजैक के बाद यात्रियों के बदले में छोड़ दिया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक कुछ समय पहले मसूद अजहर काबुल में था और कुनार और खोस्त प्रांतों में उसका आना-जाना भी था। उसे पाकिस्तान की सीमा पर और पाकिस्तान के पूर्वी इलाके में देखा गया था। एफएटीएफ की बैठक से पहले पश्चिमी देशों की मांग है कि मसूद अजहर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं पाकिस्तान ने तालिबान से संपर्क किया और कहा कि अजहर को ट्रैस करके हिरासत में लिया जाए। तालिबान ने पाकिस्तान की रिपोर्ट को खारिज किया और कहा कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल किसी भी सशस्त्र संगठन को किसी देश के खिलाफ नहीं करने दिया जाएगा।



एससीओ समिट के दौरान भी पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा कि मसूद अजहर अफगानिस्तान में ही था। जानकारी के मुताबिक जैश-ए-मोहम्मद के अलावा अलकायदा ही तालिबान के करीब है।

# प्रधानमंत्री मोदी बोले पुतिन से-'यह युद्ध का समय नहीं',अमेरिका ने किया स्वागत

**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका ने शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के दौरान उज्बेकिस्तान के समरकंद में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात में भारतीय रुख का समर्थन किया है। शिखर सम्मेलन से अलहदा हुई इस मुलाकात में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस पर बाइडन प्रशासन ने बयान जारी किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने मंगलवार को कहा कि पुतिन के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत कि 'यह यूक्रेन में युद्ध का समय नहीं है।' प्रधानमंत्री मोदी का यह सैद्धांतिक बयान था। इसे वह सही मानते हैं। अमेरिका भारत के इस बयान का स्वागत करता है। उल्लेखनीय है कि शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति से कहा था कि आज का युग युद्ध का नहीं है। शांति को लेकर मैंने इस बारे में आपसे फोन पर बात की थी। भारत और रूस कई दशकों से एक-दूसरे के साथ रहे हैं।




अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन ने कहा कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा वह सही और न्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोई भी अपने पड़ोसी के क्षेत्र को बलपूर्वक नहीं जीत सकता। यदि रूस अपना रवैया बदल ले तो यूक्रेन में शांति सबसे तेज और निर्णायक रूप से आएगी। सुलिवन ने कहा कि यह वक्त रूस को स्पष्ट और अचूक संदेश भेजने का है। हम चाहते हैं कि दुनिया का हर देश ऐसा करे।

# नेपाल की राष्ट्रपति ने नागरिकता विधेयक को मंजूरी देने से किया इनकार

**काठमांडू, (हि.स.)।** नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने नागरिकता विधेयक को मंजूरी (प्रणामित) देने से इनकार कर दिया है। इस विधेयक को दोनों सदनों द्वारा फिर से अनुमोदित किए जाने के बाद 15 दिनों के भीतर इसकी पुष्टि करने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य प्रावधान के बावजूद नेपाल की राष्ट्रपति ने ये फैसला लिया है। राष्ट्रपति के राजनीतिक सलाहकार लालबाबू यादव ने पुष्टि की है कि भंडारी ने "संविधान की रक्षा के लिए" विधेयक को प्रमाणित करने से इनकार कर दिया है। यादव ने दावा किया कि अनुच्छेद 61(4) में कहा गया है कि राष्ट्रपति का मुख्य कर्तव्य संविधान का पालन करना और उसकी रक्षा करना होगा। इसका अर्थ है संविधान के सभी अनुच्छेदों की रक्षा करना। केवल अनुच्छेद 113 को देखकर यह नहीं कहा जा सकता कि राष्ट्रपति ने अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी पूरी नहीं की। हालांकि, संविधान का अनुच्छेद 113(2) जो विधेयकों के प्रमाणीकरण के बारे में प्रावधान करता है, जिसमें कहा गया है कि, इस अनुच्छेद के अनुसार प्रमाणन के लिए राष्ट्रपति को प्रस्तुत किया गया विधेयक 15 दिनों के भीतर प्रमाणित हो जाएगा और दोनों सदनों को इसके बारे में जल्द से जल्द सूचित किया जाएगा। प्रावधान के अनुसार, राष्ट्रपति किसी भी विधेयक को एक बार पुनर्विचार के लिए सदन में वापस भेजने के बाद सदन द्वारा प्रस्तुत किए गए किसी भी विधेयक को प्रमाणित करने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य हैं। मंगलवार की आधी रात राष्ट्रपति के लिए उस विधेयक को प्रमाणित करने की समय सीमा थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, इसके कारण देश एक संवैधानिक संकट की स्थिति में आ गया है। राष्ट्रपति के फैसले का बचाव करते हुए राजनीतिक सलाहकार ने कहा, यह (विधेयक) संविधान के भाग -2 के प्रावधानों का पूरी तरह से पालन नहीं करता है, महिलाओं के साथ भेदभाव करता है और प्रांतीय पहचान के साथ एकल संघीय नागरिकता का प्रावधान भी नहीं करता है।



## आज का इतिहास 22 सितम्बर

1599 लंदन के फाउंडर्स हाल में चौबीस व्यापारियों ने ईस्ट इंडिया कंपनी का गठन किया.

1776 अमरीकी क्रांति के दौरान राष्ट्रवादी नेता नाथन हेल को अंग्रेजों ने न्यूयार्क में फांसी पर लटका दिया.

1792 क्रांति के दौरान फ्रांस गणराज्य घोषित किया गया.

1862 अमरीकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने सभी दासों को स्वतंत्र करने का आदेश दिया.

1914 प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी ने ब्रिटिश युद्धपोतों को उत्तरी सागर में डूबो दिया, जिससे 141 व्यक्ति मारे गए.

1934 वेल्स की एक खान दुर्घटना में 28 श्रमिक मारे गए.

1937 पोर्ट ब्लेयर से राजनीतिक बंदियों का आखिरी जत्था रवाना हुआ .

1949 सोवियत संघ ने प्रथम परमाणु परीक्षण किया.

1974 होंडुरास में तूफान से पांच हजार से अधिक लोग मारे गए.

1977 जमात ए इस्लामी के संस्थापक मौलाना अब्दुल अली मौदूदी का निधन.


1981 इराक द्वारा ईरान पर हमले के साथ खाड़ी युद्ध भड़का.

1986 सोवियत संघ का एक विमान अपहृत कर अपहर्ताओं ने दो व्यक्तियों की गोली मार दी, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने बाद में विमान पर पुन: कब्जा कर अपहर्ताओं को मार दिया.

1997 जापान के एक सैनिक शीइशी योकोओ ने द्वितीय विश्व युद्ध में आत्मसमर्पण नहीं किया और 26 वर्ष तक गुआम के जंगलों में रहने के बाद स्वदेश लौटे तो राष्ट्रीय नायक बन गए.

# शिंजो आबे के अंतिम संस्कार के विरोध में शख्स ने खुद को लगाई आग, पुलिस अधिकारी भी झुलसा

**टोक्यो, (हि.स.)।** जापान की राजधानी टोक्यो में एक शख्स ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंतिम संस्कार के विरोध में खुद को आग लगा ली। जापानी टीवी असाही के मुताबिक एक व्यक्ति ने शिंजो आबे के अंतिम संस्कार का विरोध करने के लिए जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय के पास सड़क पर खुद को आग लगा ली। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी ने आग बुझाने का भी प्रयास किया। लेकिन वह भी इस आग की चपेट में आकर झुलस गया। इसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जापानी टीवी असाही के अनुसार, घटना के बाद मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को इकट्ठा कर पूरे मामले की जांच कर रहा है। आबे को 8 जुलाई को जापान के शहर नारा में चुनाव प्रचार के दौरान गोली मार दी गई थी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, जापान सरकार ने 27 सितंबर को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार का समय निर्धारित किया है। उनके अंतिम संस्कार में दुनिया भर के देशों के राष्ट्रध्यक्ष भी शामिल होंगे। जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे शिंजो आबे ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 2020 में पद छोड़ दिया था। वह 2006 से 2007 और फिर 2012 से 2020 तक दो बार जापान के प्रधानमंत्री रहे थे।



# जल्द बाजार में आने वाले हैं ऐसे बर्तन, जो खाने में खुद ही मिला देंगे जरूरत भर नमक

**टोक्यो (ईएमएस)।** खाने में अक्सर नमक कम या ज्यादा हो जाता है। खाने को सुस्वादु बनाने के लिए हमें अक्सर नमक मिलाना पड़ता है। जल्दी ही बाजार में ऐसे बर्तन आने वाले हैं जो आपके खाने में नमक कम होने पर खुद ही नमक मिला दिया करेंगे। जिन लोगों को थोड़ा ज्यादा नमक खाने की आदत है, उनके लिए ये बर्तन बिल्कुल परफेक्ट साबित होंगे। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि जापान के शोधकताओं ने कुछ स्मार्ट बर्तन बनाए हैं, जिसमें आपको नमक कम होने पर अलग डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि यह बर्तन खुद ही खाने को ज्यादा नमकीन बना देगा। बर्तन नमक को बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिसिटी का इस्तेमाल करता है। जल्दी ही ये बर्तन आम लोगों के लिए बाजार में उपलब्ध हो जाएंगे। जापान की मेइजी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और किरीन होल्डिंग्स ने मिलकर एक ऐसा कटोरा और चम्मच बनाया है, जिसमें बिना नमक डाले ही खाने को नमकीन बनाने की क्षमता है। कुछ महीने पहले ऐसी ही एक चॉपस्टिक बनाई गई थी, जो खाने को बिना नमक के नमकीन बना देती थी, लेकिन अब ऐसे कटोरे और चम्मच को भी डेवलेप कर लिया है, जो खाने में नमक बढ़ाने का काम करेगा। इस बर्तन में एक इन बिल्ट बैटरी है, ऐसे में इसे इलेक्ट्रिक होने के बाद भी हर वक्त पावर सप्लाई देने की जरूरत नहीं है।





खारकीव में रुसी सीमा के करीब यूक्रेनी कर्मचारी कब्जे में आये एक रुसी टैंक को ठीक करते हुए। (फोटो-ईएमएस)

# बिहार- हवाई यात्रा होंगी सस्ती, सरकार ने विमान ईंधन पर वैट 29 से घटाकर 4 फीसदी किया



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बिहार के हवाई यात्रियों के लिए खुशखबरी है यहां जल्द ही विमानों के किराए में कमी आ सकती है। राज्य सरकार ने गया हवाईअड्डे पर एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) को 29 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर दिया है। यानी अब गया हवाई अड्डे पर एटीएफ की बिक्री पर केवल 4 फीसदी का वैट लगेगा। इससे विमान ईंधन की कीमत में गिरावट आएगी और साथ ही विमानों के किराए में भी कटौती देखने को मिल सकती है। सरकार द्वारा जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि एटीएफ पर वैट की दरों को घटाए जाने से न केवल विमानों की आवाजाही बढ़ेगी बल्कि ईंधन की खपत में भी इजाफा देखने को मिलेगा। बिहार कैबिनेट की बैठक में कुल 16 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। साल 2021 में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 22 राज्यों, जिनमें बिहार भी शामिल था, से एटीएफ पर वैट घटान की मांग की थी। इसके बाद कई राज्यों ने वैट को कम भी किया था। इसी साल 4 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार ने एटीएफ पर वैट को 21 फीसदी से घटाकर 1 फीसदी कर दिया था। सिंधिया ने राज्यों से अनुरोध किया था कि वे इसे 20-30 फीसदी से घटाकर 1-4 फीसदी पर लेकर आएं। गौरतलब है कि वैट केवल बिहार में ही अधिक नहीं था, बल्कि गुजरात में 30 फीसदी, तमिलनाडु में बिहार की ही तरह 29 फीसदी, कर्नाटक में 28 फीसदी और इनके अलावा करीब 12 राज्यों में ये 20 फीसदी से अधिक था। हालांकि, उसके बाद कई राज्यों ने इसमें कटौती कर दी थी। सिंधिया ने राज्यों को पत्र लिखकर कहा था कि विमान ईंधन पर लगने वाला राज्य का टैक्स उनके राजस्व का बहुत मामूली हिस्सा होता है। साथ ही उन्होंने इस-की भरपाई के लिए यह तर्क दिया था कि राज्य में वैट घटने से विमानों की आवाजाही बढ़ेगी जो इस कमी को पूरा कर देगी। बता दें कि एटीएफ पर केवल राज्य ही नहीं केंद्र सरकार भी एक्साइज ड्यूटी लगाती है। ऐसा इसलिए हैं क्योंकि पेट्रोल-डीजल की ही तरह एटीएफ भी जीएसटी के दायरे से बाहर है और पिछले काफी समय से इसे जीएसटी के तहत लाने की मांग की जा रही है।

# मौजूदा दशक में भारत 7 फीसदी दर से करता रहेगा विकास: मुख्य आर्थिक सलाहकार



**मुंबई (ईएमएस)।** मौजूदा दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था 7 फीसदी के दर से सलाना विकास करती रहेगी। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष 2022- 23 में भी 7 फीसदी आर्थिक विकास दर रहने का अनुमान है। ये भरोसा देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने जताया है। उन्होंने इसके पीछे कोविड महामारी के दुष्प्रभावों और यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पैदा हुए हालात को जिम्मेदार बताया है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ग्लोबल फिनटेक फेस्ट समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यूके के पीछे छोड़ते हुए भारत हाल ही में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कामयाब रहा है, जो कि बड़ी उपलब्धि है लेकिन ये उपलब्धि हैरान करने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जब हम 2023 में प्रवेश करने जा रहे हैं तो इस दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार 7 फीसदी के दर से विकास करता रहेगा। दरअसल इस वर्ष जो आर्थिक सर्वे पेश किया गया था उसमें 2022-23 में 8 से 8.5 फीसदी आर्थिक विकास दर रहने का अनुमान जताया गया था। आरबीआई ने 2022-23 में 7.2 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान जताया है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 13.5 फीसदी जीडीपी रहा है जो आरबीआई के 16.2 फीसदी के अनुमान से कम है। बीते वित्त वर्ष 2021-22 में 8.7 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रेट रहा था। वी अनंत नागेश्वर ने कहा कि सरकार अब अपना पूरा ध्यान अब वित्तीय समावेशन से वित्तीय सशक्तीकरण पर केंद्रित कर रही है और चालू दशक में लोगों को कर्ज एवं बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा।

# एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया





**नई दिल्ली (ईएमएस)।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2022-23 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमानों को पहले के 7.2 फीसदी से घटाकर अब सात फीसदी कर दिया है। एडीबी ने बताया कि अनुमान से अधिक ऊंची मुद्रास्फीति और मौद्रिक सख्ती की वजह से आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाया गया है। एडीबी ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट एडीओ से अतिरिक्त जानकारी देते हुए कहा कि 2022-23 की पहली तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था सालाना आधार 13.5 फीसदी की दर से बढ़ी है जो सेवाओं में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। हालांकि जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि को 2022 (मार्च 2023 में खत्म होने वाले वर्ष) के लिए एडीओ 2022 के अनुमान से घटाकर 7 फीसदी और वर्ष 2023 (मार्च 2024 में खत्म होने वाले वर्ष) के लिए 7.2 फीसदी किया गया है क्योंकि कीमतों के दबाव की वजह से घरेलू खपत प्रभावित होगी वहीं वैश्विक मांग में कमी तथा तेल की ऊंची कीमतें शुद्ध निर्यात को प्रभावित करेंगे। एडीओ में चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर भी अनुमान जताया गया है। इसमें कहा गया कि यह 2022 में 3.3 फीसदी की दर से वृद्धि करेगी जो पहले के पांच फीसदी के अनुमान से कम हैं।

# एचपीसीएल के साथ मिलकर ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाएगी हीरो मोटोकार्प



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत दोनों कंपनियां पहले एचपीसीएल के पेट्रोल पंपों पर चार्जिंग बुनियादी ढांचा स्थापित करेंगी। इसके बाद दोनों कारोबार में अन्य अवसरों के लिए गठजोड़ का दायरा बढ़ा सकती हैं। हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि पहले चरण में चार्जिंग स्टेशन की स्थापना चुनिंदा शहरों में की जाएगी। उसके बाद इसका विस्तार दूसरे शहरों में किया जाएगा। कंपनी का देशभर में ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य है। हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन मुंजाल का मानना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को आसानी और तेजी से अपनाया जाना तभी संभव होगा, जब ग्राहकों की चार्जिंग स्टेशन जैसे संबंधित बुनियादी ढांचे तक आसान और सुविधाजनक पहुँच होगी। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल के साथ हमारा सहयोग ईवी चार्जिंग स्टेशन के क्षेत्र में इस जरूरत को पूरा करेगा।

# नई विदेश व्यापार नीति की घोषणा 29 सितंबर को




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वाणिज्य मंत्रालय पांच साल की नई विदेश व्यापार नीति की घोषणा 29 सितंबर को हो सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य से देश से निर्यात बढ़ाना है। मौजूदा विदेश व्यापार नीति (2015-20) 30 सितंबर तक लागू है। सरकार ने कोविड-19 महामारी की वजह से 31 मार्च, 2020 को इस नीति को एक साल के लिए 31 मार्च, 2021 तक बढ़ा दिया था। इसके बाद इसे इस साल सितंबर तक बढ़ाया गया। नीति में सरकार वस्तुओं और सेवाओं के निर्यातकों के लिए समर्थन उपायों की घोषणा करती है। अधिकारी ने बताया कि नई विदेश व्यापार नीति 29 सितंबर को जारी की जाएगी। निर्यात केंद्र योजना के रूप में जिले भी इस दस्तावेज का हिस्सा होंगे। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अगस्त की अवधि में देश का निर्यात 17.68 प्रतिशत बढ़कर 193.51 अरब डॉलर रहा है। इस दौरान आयात 45.74 प्रतिशत बढ़कर 318 अरब डॉलर रहा है। इस तरह व्यापार घाटा बढ़कर 124.52 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। अप्रैल-अगस्त, 2021 में व्यापार घाटा 53.78 अरब डॉलर था।

# किर्लोसकर से स्वराज इंजन्स में हिस्सेदारी खरीदेगी महिंद्रा एंड महिंद्रा




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने कहा है कि वह किर्लोस्कर इंडस्ट्रीज लिमिटेड से स्वराज इंजन्स में अतिरिक्त 17.41 प्रतिशत हिस्सेदारी 296 करोड़ रुपए में खरीदेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस अधिग्रहण के साथ कंपनी की स्वराज इंजन्स में हिस्सेदारी मौजूदा के 34.72 प्रतिशत से बढ़कर 52.13 प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी ने 1,400 रुपए प्रति शेयर के भाव पर 21,14,349 इक्विटी शेयर लेने का प्रस्ताव किया है। यह चुकता शेयर पूंजी का 17.41 प्रतिशत हिस्सा है। सूचना के अनुसार इसके साथ एसईएल, महिंद्रा एंड महिंद्रा की अनुषंगी बन जाएगी। पंजाब के मोहली की कंपनी एसईएल डीजल इंजन और उसके उपकरण बनाती है।

# होंडा अपनी पेट्रोल मॉडल की कारें भारत में करेगी बंद




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में कई मशहूर कारों के मॉडल जल्द ही देखने को नहीं मिलेंगे। दरअसल, मारुति सुजुकी, वोक्सवैगन, स्कोडा, निसान और रेनॉल्ट जैसी कार कंपनियां पहले ही भारत में अपनी डीजल गाड़ियों को बंद कर चुकी हैं। रिपोर्ट के अनुसार अब, होंडा कार्स इंडिया भी जल्द ही अपनी डीजल गाड़ियों को बंद करने की सोच रही है। होंडा कार्स इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ, ताकुया त्सुमुरा ने बताया कि कंपनी डीजल इंजन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रही है। ज्यादातर कार कंपनियों ने यूरोपीय मार्केट में अपने डीजल पावरट्रेन को बंद कर दिया है। मौजूदा समय में, होंडा के इंडियन पोर्टफोलियो में चार मॉडल शामिल हैं जो डीजल पावरट्रेन के साथ आते है। इसमें जैज प्रीमियम हैचबैक, डब्ल्यूआर-वी सबकॉम्पैक्ट एसयूवी, अमेज कॉम्पैक्ट सेडान और सिटी मिड-साइज सेडान शामिल है। अगर रिपोर्ट्स की माने तो कंपनी जैज, डब्ल्यूआरवी और सिटी के डीजल वेरिएंट को बंद कर सकती है। कंपनी अपने बिक्री नेटवर्क को अपग्रेड करने के साथ-साथ अपने एसयूवी मॉडल लाइनअप को आगे बढ़ाने पर काम कर रही है। होंडा ने पुष्टि की कि भारत के लिए उस-की आगामी नई एसयूवी ने डेवलपमेंट फेस को पूरा कर लिया है और कुछ समय के बाद इसका प्रोडेक्शन शरू हो जाएगा। इसके मिड साइज की एसयूवी होने की संभावना है जो हुंदई क्रेटा, किया सेल्टास, नई टोयटा हेडायर और आने वाली मारुति ग्रांड विटारा को चुनौती देगी।

# होंडा देश के 239 शहरों में लगाएगी सर्विस कैंप

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** होंडा भारत के 239 शहरों में सर्विस कैंप शुरू करने जा रहा है। ये कैंप 21 सितंबर से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेंगे। इस कैंप के दौरान आप अपनी कार में किसी भी परेशानी को ठीक करवा सकते हैं। होंडा द्वारा लगाए जाने वाले सर्विस कैंप में कार के एक्सटीरियर, इंटीरियर और एंटी रस्ट ट्रीटमेंट जैसे कामों पर अच्छी डील भी मिल सकती है। इसके अलावा कैंप में कार की सर्विस, बैटरी चैक-अप, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, सस्पेंशन सहित कई पार्ट्स की जांच की जाएगी। इसके साथ ही कंपनी के टेक्नीशियन आपको कार की हेल्थ की भी पूरी डिटेल देंगे, जिससे आप समझ सकेंगे कि आने वाले टाइम में कार को किस तरह के काम की जरूरत होगी। होंडा के सेल्स के वाइस प्रेजिडेंट कुणाल बहल ने बताया होंडा कार्स इंडिया अपने सभी ग्राहकों को हमेशा बेहतरीन सर्विस देने की कोशिश करती है। देश भर में शुरू हो रहे मेगा सर्विस कैंप के जरिए हमारी कोशिश होगी कि ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को इसका लाभ मिल पाए। कैंप के दौरान ग्राहकों को तय दाम में समय पर होने वाली मेंटिनेंस सर्विस मिलेगी जबकि रिपेयर सहित अन्य कामों पर आॅफर पेश किए जाएंगे।

# टोयोटा भारत में उतार रही नई 7 सीटर अवांझा

## -इनको देगी जबरदस्त टक्कर




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जानी-मानी कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर इंडिया कई नए प्रोडक्ट्स को भारतीय मार्केट में उतारने की तैयारी कर रही है।कहा जा रहा है कि नई टोयोटा अवांझा में कई अच्छे फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। कंपनी 7 सीटर एमपीवी सेगमेंट में अपनी नई टोयोटा अवांझा को लॉन्च कर सकती है। यह कार मारुति सुजुकी अर्टिगा से काफी मिलती-जुलती होगी। जानकारी के अनुसार, टोयोटा अवांझा में 1.3L नेचरली एस्पिरेटेड डीओएचसी 4 सिलिंडर पेट्रोल इंजन मिलेगा। यह इंजन 98बीएचपी की पावर और 121एनएम की टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा। इस कार में 1.5एल का पेट्रोल इंजन ऑप्शन भी दिया जा सकता है, जो 106बीएचपी की पावर और 137 एनएम की पीक टॉर्क जेनरेट कर सकता है। इस एमपीवी में 5 स्पीड मैनुअल और सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन ऑप्शन देखने को मिल सकता है। इसमें ट्वीन स्लैट ग्रिल, स्लीक एलईडी हेडलैंप, एंगुलर फॉग लैंप, स्लिम टेललाइट्स, बड़ा टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल कंट्रोल्ड एयर कंडीशनर, 4.2 इंच फुल टीएफटी एमआईडी, 6 एयरबैग्स, ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग, हिल स्टार्ट असिस्ट, ईबीडी के साथ एबीएस और वीइकल स्टैबिलिटी कंट्रोल जैसे कई फीचर्स मिल सकते हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार, नई टोयोटा अवांझा 5 मीटर लंबी होगी और इसे डीएनजीए प्लेटफॉर्म पर डिवेलप किया जाएगा।

# टोयोटा कंपनी लांच करेगी अर्बन क्रूजर हाइराइडर

## -हाइब्रिड वेरियंट्स की कीमत का खुलासा किया





**नई दिल्ली (ईएमएस)।** टोयोटा कंपनी टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर लॉन्च करने के लिए तैयार है। भारत में यह कार माइल्ड हाइब्रिड और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पेट्रोल इंजन के साथ लॉन्च होगी। कंपनी ने इस कार के स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वेरियंट्स की कीमत का खुलासा पहले ही कर दिया है। भारत में इस कार की टक्कर हयूदै क्रेटा, किया सेल्टॉस, वाल्कवेगन टाइगुन, स्कोडा कुशाक जैसी कारों से होगी। अब कंपनी अक्टूबर की शुरूआत में एडब्ल्यूडी वेरियंट्स की कीमत की भी घोषणा कर देगी। भारतीय बाजार में यह कंपनी की पहली मिड साइज एसयूवी है।इस कार को मारुति और टोयोटा के जॉइंट वेंचर के तहत बनाया गया है इसीलिए इसके कई फीचर्स मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा से मिलते जुलते होंगे। ग्रैंड विटारा के लॉन्च का भी बायर्स को बेसब्री से इंतजार है.इस कार में 1.5एल के15 माइल्ड हाइब्रिड पेट्रोल इंजन और 1.5एल टीएनजीए स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पेट्रोल इंजन दिया जाएगा। जहां ई-सीवीटी गियरबॉक्स के साथ मजबूत हाइब्रिड इंजन की पेशकश की जाती है, वहीं माइल्ड-हाइब्रिड पेट्रोल को पांच-स्पीड मैनुअल या छह-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ पेश किया जाएगा।

माइल्ड-हाइब्रिड इंजन का विकल्प चुनने वालों के लिए एक वैकल्पिक ऑल-व्हील-ड्राइव सेटअप भी उपलब्ध है. भारतीय खरीदारों के लिए नई टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर के चार वेरिएंट पेश किए जाएंगे झ ई, एस, जी और वी। भारत में नई टोयोटा अर्बन क्रूजर हैदर की मजबूत हाइब्रिड कीमत 15.11 लाख रुपये से शुरू होती है और 18.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) तक जाती है। मजबूत हाइब्रिड इंजन केवल तीन ट्रिम विकल्पों एस, जी और वी के साथ उपलब्ध है। नए टोयोटा अर्बन क्रूजर हैदर स्ट्रांग हाइब्रिड संस्करणों की कीमतों की हाल ही में देश में घोषणा की गई थी।

## दैनिक पंचांग

**22 सितम्बर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.27 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | तुला | 07.42 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृश्चिक | 09.57 ब.से |
| बुध | कन्या में | धनु | 12.13 बजे से |
| गुरु | मीन में | मकर | 14.18 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | कुंभ | 16.04 बजे से |
| शनि | मकर में | मीन | 17.37 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 19.08 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 20.48 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 22.46 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | कर्क | 00.59 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.15 बजे से |

**गुरुवार** 2022 वर्ष का 265 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 01.18 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** आश्लेषा 02.03 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शिव 09.44 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 12.30 बजे तदनन्तर तैतिल 01.18 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $00^{0}$ 24'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871379
**जूलियन दिन** 2459844.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** सफर
**तारीख** 25

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, अश्वनि कृष्ण पक्ष, वर्षा शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे तिथि, द्वादशी, गुरुवासरे, अश्लेषा नक्षत्रें, शिवयोगे, कौलव करणे, कर्क की चंद्रमा, द्वादशी श्राद्ध, सन्यासी यति वैष्णववरंण, धान्य छेदन, व्यापार, उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल....... .**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम वृत्ति वाला, धनीमानी, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल होगा।**

**मेष राशि :- तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, किसी घटना का शिकार होने से बचें।**

**वृष राशि - असमंजस की स्थिति क्लेशप्रद रखे, विरोधी तत्व परेशान करेंगे ध्यान रखें।**

**मिथुन राशि - समय की अनुकूलता से लाभांवित होंगे, विरोधी तत्व परेशान अवश्य करेंगे।**

**कर्क राशि - इष्ट-मित्र सुखवर्धक हों, व्यावसायिक क्षमता अनुकूल होगी, समय का ध्यान रखें।**

**सिंह राशि - कुटुम्ब की समस्यायें सुलझें, स्त्री-वर्ग से हर्ष-उल्लास हो, कार्य पर ध्यान दें।**

**कन्या राशि - अर्थ-लाभ, कुटुम्ब की समस्यायें सुलझें, स्त्री-वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा।**

**तुला राशि - विवादग्रस्त हेने से बचें अन्यथा संकट में फंस सकते हैं, धैर्य से काम लें।**

**वृश्चिक राशि - अधिकारी वर्ग सहायक बनेंगे, कार्यवृत्ति में सुधार होगा, सफलता मिलेगी।**

**धनु राशि - व्यर्थ विवाद, अनावश्यक विभ्रम, धन का व्यय, स्थिति कष्टप्रद बनेगी।**

**मकर राशि - योजनायें फलीभूत हों, कार्य कुशलता से संतोष, समृद्धि के साधन जुटायें।**

**कुंभ राशि - विरोधी तत्व परेशान करेंगे, व्यर्थ विभ्रम, मानसिक बेचैनी बनेगी।**

**मीन राशि - सोचे हुये कार्य समय पर पूरे होंगे किन्तु अधिक ढीलेपन से परेशानी होगी।**

# अक्टूबर में भारत दौरे पर आयेंगे फीफा प्रमुख, प्रधानमंत्री से करेंगे मुलाकात



**कोलकाता (ईएमएस)।** विश्व फुटबॉल की शीर्ष संचालन संस्था (फीफा) के प्रमुख जियानी इनफैंटिनो अगले माह अक्टूबर में भारत का दौरा करेंगे। इस दौरान इनफैंटिनो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर भारतीय फुटबॉल के भविष्य पर भी चर्चा कर सकते हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) कार्यकारी समिति की बैठक के बाद यह कहा गया कि इनफैंटिनो का दौरा अगर होता है तो यह 11 से 30 अक्टूबर तक फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप के अंतिम चरण में होगा। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने अपनी बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा, शुरूआत में सदस्यों को जानकारी दी गयी कि इनफैंटिनो अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में भारत यात्रा कर सकते हैं और भारतीय फुटबॉल के भविष्य पर चर्चा के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिल सकते हैं। एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा, एआईएफएफ अध्यक्ष ने फीफा अध्यक्ष के साथ हुई बातचीत के बाद कार्यकारी समिति को बताया कि इनफैंटिनो के प्रधानमंत्री से मुलाकात करने की भी संभावनाएं हैं हालांकि अभी यह तय नहीं हुई है। उन्होंने कहा, फीफा अध्यक्ष हमारे प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे तो वो दिन अहम होगा। वह कुछ घोषणायें भी करेंगे जो काफी अहम रहेंगी। वहीं एआईएफएफ के नये अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कार्यकारी समिति को भारत सरकार और कतर फुटबॉल एसोसिएशन के साथ हुई बातचीत के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि हमने कतर फुटबॉल एसोसिएशन के साथ भी सार्थक बातचीत की है और वे भारत में फुटबॉल के विकास के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों में हमारी सहायता करने जा रहे हैं। चौबे ने साथ ही कहा कि सरकार फुटबॉल के विकास के लिए पैमाने पर समर्थन देने जा रही है।

# तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन के अनुबंध को समाप्त करने के लिए सहमत हुआ क्रिकेट विक्टोरिया



**विक्टोरिया, (हि.स.)।** क्रिकेट विक्टोरिया आगामी सत्र के लिए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन के अनुबंध को समाप्त करने के लिए सहमत हो गया है। बुधवार को खेल के राज्य शासी निकाय के एक बयान में कहा गया, "क्रिकेट विक्टोरिया पुष्टि करता है कि वह आगामी सत्र के लिए जेम्स पैटिनसन के विक्टोरियन अनुबंध को समाप्त करने के लिए पारस्परिक रूप से सहमत है।" 32 वर्षीय पैटिनसन ने क्रिकेट विक्टोरिया से अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए खेलने के बाद आराम के लिए एक विस्तारित ब्रेक लेने की इच्छा जताई थी। पैटिनसन को पिछले महीने नॉटिंघमशायर ने फिटनेस और पारिवारिक कारणों से उनके अनुरोध पर रिलीज किया था। पैटिनसन ने एक बयान में कहा, "यह निर्णय मेरे लिए वास्तव में कठिन रहा है क्योंकि मुझे विक्टोरिया के लिए खेलना बहुत पसंद है और पिछले 14 वर्षों से मैंने इसे अपना सब कुछ दिया है। हमारे दूसरे बच्चे के जन्म के बाद और हाल के वर्षों में मेरी चोटों के बाद, खेल से ब्रेक लेने का यह सही समय है। इससे मुझे अपनी बेटियों के साथ घर पर अधिक समय बिताने का भी मौका मिलेगा।" पैटिनसन ने 2008/09 सीजन में विक्टोरिया के लिए डेब्यू किया और 2014/15, 2016/17 और 2018/19 में विक्टोरिया की शेफील्ड शील्ड जीत का हिस्सा रहे। पैटिनसन ने 2011 से 2020 तक अपने करियर में 21 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 5/27 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ों के साथ 81 विकेट लिए। उन्होंने राष्ट्रीय पक्ष के लिए 15 एकदिवसीय मैच भी खेले हैं, जिसमें 50 ओवर के प्रारूप में 4/51 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 16 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए चार टी20 खेले हैं, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए 2/17 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े का साथ तीन विकेट लिए हैं।

# वीवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 के पहले हाफ के कार्यक्रम की घोषणा, खेले जाएंगे 66 मैच



**बेंगलुरु, (हि.स.)।** वीवो प्रो कबड्डी लीग के आयोजक-मशाल स्पोर्ट्स ने सीजन 9 के पहले हाफ के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह 7 अक्टूबर, 2022 से बेंगलुरु के श्री कांतीरावा इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा और फिर अगले चरण के लिए 28 अक्टूबर को पुणे के बालेवाड़ी स्थित श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (बैडमिंटन कोर्ट) तक जाएगा। इस सीजन में, लीग कबड्डी फैंस का स्टेडियम में वापस स्वागत करने के लिए तैयार है। लीग ने फैंस के लिए मुकाबलों के गुलदस्तों के रूप में एक ट्रीट की तैयारी की है। शुरूआती तीन दिनों में ट्रिपल हेडर के साथ लीग की ग्रैंड ओपनिंग होगी। 66 मैचों के लिए जारी शेड्यूल में हर मैच खास है और पहले 2 दिनों के भीतर प्रशंसकों को सभी 12 टीमों को एक मैच खेलते हुए देखने को मिलेगा। वीवो पीकेएल सीजन 9 के लीग चरण के माध्यम से प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार को ट्रिपल हेडर के साथ फैंस का भरपूर मनोरंजन किया जाएगा। सीजन 9 की शुरूआत सीजन 8 के चैंपियन दबंग दिल्ली के.सी. और यू-मुंबा के बीच सात अक्टूबर को होने वाले मैच के साथ होगी। उसके बाद दूसरे मैच में लीग के साउदर्न डर्बी की बारी है, जिसमें बेंगलुरु बुल्स के सामना तेलुगु टाइटन्स होगा। पहले दिन के अंतिम मैच में यूपी योद्धा का सामना जयपुर पिंक पैंथर्स से होगा। लीग के दूसरे हाफ का कार्यक्रम अक्टूबर के अंत तक जारी किया जाएगा, जिससे 12 टीमों को टूर्नामेंट के दूसरे हाफ के लिए अपनी रणनीतियों पर विचार करने और उसी अनुसार अपनी तैयारियों को अमली जामा पहनाने में मदद मिलेगी। वीवो पीकेएल सीजन 9 के शेड्यूल के बारे में बताते हेड स्पोर्ट्स लीग मशाल स्पोर्ट्स एवं लीग कमिश्नर वीवो प्रो कबड्डी लीग अनुपम गोस्वामी ने कहा, वीवो पीकेएल सीजन 9 बैंगलोर, पुणे और हैदराबाद में भारतीय खेल प्रेमियों के सामने दुनिया में कबड्डी का सर्वश्रेष्ठ हाई-वोल्टेज एक्शन लाने के लिए तैयार है। पिछले हर एक सीजन की तरह सीजन 9 लीग और इसके प्रसारण पार्टनर के साथ-साथ हमारी 12 टीमों द्वारा स्टेडियम में आने वाले और स्क्रीन पर लुत्फ लेने वाले कबड्डी प्रशंसकों के लिए भारत में कबड्डी के विकास को जारी रखने के लिए मजबूत मानक (बेंचमार्क) स्थापित करेगा।



बीजिंग में महिलाओं के 49 किलो मुकाबले में भाग लेती हुई हो जिहूई।

(फोटो-ईएमएस)

# भारत की डेथ गेंदबाजी विफलता पर बोले हार्दिक- हमें अपने गेंदबाजों पर भरोसा करना होगा



**मोहाली, (हि.स.)।** जसप्रीत बुमराह के बिना भारत की विश्व कप की तैयारी की योजना बिल्कुल भी सही दिशा में नहीं है और वर्तमान में लक्ष्य का बचाव करना वह जगह है जहाँ टीम को सबसे अधिक सुधार की जरूरत है। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के हाथों उनकी चार विकेट की हार, हाल ही में एशिया कप में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ मिली हार के समान ही थे। इन सभी मैचों में टीम को हार मैच के अंत में एक-दो महंगे ओवरों के कारण मिली। यहां तक कि अपनी विविधताओं के लिए मशहूर हर्षल पटेल की वापसी भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस पहले टी20 मैच में भारत की मदद नहीं कर सकी। मैच में 30 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाने वाले हार्दिक पांड्या ने कहा, "हम सभी जानते हैं कि जसप्रीत बुमराह टीम में क्या लाते हैं और वह हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। लेकिन हमें अपने गेंदबाजों पर पर भरोसा करना होगा। ये देश में सबसे अच्छे पंद्रह खिलाड़ी हैं, इसलिए वे टीम में हैं। जसप्रीत के वहाँ होने से बहुत फर्क पड़ता है, जाहिर है , लेकिन... वह एक चोट के बाद वापसी कर रहे हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें वापस आने के लिए पर्याप्त समय मिले और वह खुद पर ज्यादा दबाव न डालें।" उन्होंने कहा, "एक टीम के रूप में, हम बेहतर होना चाहते हैं। हारना आपको बहुत कुछ सिखाता है। हम एक प्रक्रिया संचालित टीम हैं और जब तक विश्व कप आएगा, हम सुनिश्चित करेंगे और अपनी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाएंगे और देखेंगे कि कहां हम सुधार कर सकते हैं। मैं अपने साथी खिलाड़ियों के बारे में बहुत आश्वस्त हूं। हम जल्द ही ट्रैक पर होंगे।" 209 के विशाल रनों का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया को अंतिम चार ओवरों में 55 रन चाहिए थे और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चार गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भुवनेश्वर ने अपने आखिरी दो ओवरों में क्रमशः 15 और 16 रन दिए, वहीं, हर्षल पटेल ने 22 रन दिये। हार्दिक ने कहा, "देखिए, यह एक खेल है। गेंदबाजों ने 24-25 रन ओवर भी दिए हैं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। यह एक द्विपक्षीय श्रृंखला है, हमें दो और मैच मिलेंगे और हम जीत हासिल करने की कोशिश करेंगे।" हालांकि पंड्या का बल्ले से अच्छा फॉर्म भारत के लिए काफी सकारात्मक रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह और ऊपर आकर बल्लेबाजी करने को तैयार हैं? उन्होंने कहा, "मैं नंबर 5 पर अपनी भूमिका देखता हूं। मुझे पांच पर बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है। मुझे जहां भी और जब भी बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है, मैं इसका आनंद लेता हूं। बल्लेबाजी मेरे दिल के बहुत करीब है, इसलिए जितनी गेंदें मुझे मिल सकती हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर मुझे 10 गेंदें बल्लेबाजी करने को मिलती हैं, तो वह भी ठीक है।" उन्होंने कहा, "मुझे पता है कि मेरे पास हाल ही में बहुत अच्छे दिन रहे हैं, लेकिन मेरे अच्छे दिनों में भी, मेरा ध्यान इस बात पर है कि मैं कैसे बेहतर हो सकता हूं। मैं भी 0 पर आउट हुआ हूं लेकिन मैं तटस्थ रहा हूं। आज मेरा खेल अच्छा था लेकिन यह मैच हम हार गए। मुझे अगले मैच के लिए तैयार रहना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि मैं कुछ नया करने के लिए तैयार रहूं। हमेशा एक कदम आगे रखना चाहिए।"

# टी20 श्रृंखलाः आस्ट्रेलिया ने भारत को चार विकेट से विकेट से हराया



**मोहाली, (हि.स.)।** तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चार विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 208 रन बनाए। भारत की तरफ से हार्दिक पांड्या ने 30 गेंदों में 71 रन की नाबाद पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 19.2 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। आस्ट्रेलिया टीम की तरफ से कैमरून ग्रीन ने 30 गेंदों में 61 रन और मैथ्यू वेड ने 21 गेंदों में 45 रन की नाबाद पारी खेली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मोहाली में मंगलवार को पहला टी-20 मुकाबला खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 208 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 19.2 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रृंखला का दूसरा मुकाबला 23 सितंबर को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा।

# भारतीय टीम के पास हंग थिन्ह फ्रेंडली फुटबॉल टूर्नामेंट जीतने का अच्छा मौका : इगोर स्टिमैक

**कोलकाता, (हि.स.)।** हंग थिन्ह फ्रेंडली फुटबॉल टूर्नामेंट से पहले, जिसमें भारतीय टीम वियतनाम और सिंगापुर के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलेगी, मुख्य कोच इगोर स्टिमैक को लगता है कि उनकी टीम के पास इस टूर्नामेंट को जीतने का अच्छा मौका है। 21 सितंबर से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला 24 सितंबर को सिंगापुर और 27 सितंबर को वियतनाम से है। इस टूर्नामेंट को लेकर भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कहा, "हम निश्चित रूप से टूर्नामेंट जीतने में सक्षम हैं, लेकिन मुझे लगता है कि कुछ छोटी चीजें हैं जो तय करेंगी कि कौन जीतेगा। जाहिर है, वियतनाम ने पिछले कुछ वर्षों में काफी सुधार किया है। उनके पास एक अच्छी टीम है और उन्हें घर पर खेलना, यही कारण है कि वे शायद पसंदीदा हैं, लेकिन हमारे पास एक अच्छा मौका भी है क्योंकि हमारे पास एक युवा टीम है।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हमारे पास उनकी बराबरी करने के लिए पर्याप्त गुणवत्ता है, और अगर हम सकारात्मक रहें और अच्छी मानसिकता के साथ खेलें, तो हम ऐसा कर सकते हैं।" जहां कोच ने टीम में युवाओं के प्रदर्शन पर गर्व किया, वहीं उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों की मुख्य ताकत के निर्माण के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "मुझे लड़कों और व्यक्तिगत लक्ष्यों पर बहुत गर्व है,जो उन्होंने हासिल किया है। यह बहुत महत्वपूर्ण था कि हमने दस्ते में लड़कों की मांसपेशियों की ताकत पर काम किया। अगर हम सऊदी अरब, उज्बेकिस्तान, ईरान, इराक, कोरिया, ऑस्ट्रेलिया के लड़कों को देखें, तो हमेशा इतना बड़ा अंतर होता है, अगर आपके शक्ति नहीं है तो आपके पास कुछ नहीं है।"

# महिला एशिया कप 2022 का कार्यक्रम जारी, 07 अक्टूबर को भारत का सामना पाकिस्तान से




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने महिला एशिया कप 2022 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। एशिया कप की शुरूआत 1 अक्टूबर से हो रही है और पहले मैच में मेजबान बांग्लादेश का सामना थाईलैंड से होगा। भारतीय टीम भी इसी दिन अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका का सामना करेगी। इसके बाद 7 अक्टूबर को भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। टूर्नामेंट में सात टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रत्येक टीम राउंड रॉबिन प्रारूप में छह मैच खेलेंगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 13 अक्टूबर को खेला जाएगा और 15 अक्टूबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। बता दें कि महिला एशिया कप 2012 से ही टी 20 प्रारूप में खेला जाता रहा है। हालांकि 2012 के संस्करण में आठ टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया था, पिछले दो संस्करण (2016 और 2018) में कम टीमें थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 6 टीमों में छह बार का विजेता भारत, मेजबान बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड, मलेशिया और यूएई शामिल हैं, जिन्होंने क्वालीफाइंग इवेंट - एसीसी महिला टी 20 चैम्पियनशिप के माध्यम से टूर्नामेंट में जगह बनाई है। एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने मंगलवार को ट्विटर पर पूरे कार्यक्रम की घोषणा की। शाह ने ट्वीट किया, मुझे महिला एशिया कप 2022 के 8वें संस्करण के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, कुछ अद्भुत मैचों के लिए तैयार हो जाएं और महिलाओं को 1 अक्टूबर से इतिहास रचते हुए देखें। बता दें कि 2018 के बाद पहली बार, बांग्लादेश महिला मैचों की मेजबानी करेगा, सभी मैच सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। मेजबान बांग्लादेश भी गत चैंपियन हैं। पिछली बार 2018 में बांग्लादेशी टीम ने फाइनल में छह बार के चैंपियन भारत को हराया था। इसके बाद का 2020 संस्करण कोरोना महामारी के कारण आयोजित नहीं किया जा सका।

# महिला एशिया कप 2022 के लिए भारतीय टीम घोषित



**मुंबई, (हि.स.)।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने 1 से 15 अक्टूबर तक बांग्लादेश के सिलहट में खेली जाने वाली आगामी महिला टी20 एशिया कप 2022 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। एशिया कप की शुरूआत 1 अक्टूबर से हो रही है और पहले मैच में मेजबान बांग्लादेश का सामना थाईलैंड से होगा। भारतीय टीम भी इसी दिन अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका का सामना करेगी। इसके बाद 7 अक्टूबर को भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। टूर्नामेंट में सात टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रत्येक टीम राउंड रॉबिन प्रारूप में छह मैच खेलेंगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 13 अक्टूबर को खेला जाएगा और 15 अक्टूबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

**एशिया कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, सबबिनेनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, दयालन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, के.पी. नवगिरे

**स्टैंडबाय खिलाड़ीः** तानिया सपना भाटिया, सिमरन दिल बहादुर।

# फॉर्मूला 1 ने की 2023 चैंपियनशिप के कैलेंडर की घोषणा, पूरे सीजन में होंगे रिकॉर्ड 24 रेस




**लंदन, (हि.स.)।** फॉर्मूला 1 ने 2023 एफआईए फॉर्मूर्ला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप के कैलेंडर की घोषणा की है, जिसे वर्ल्ड मोटर स्पोर्ट काउंसिल की मंजूरी मिल गई है। चैंपियनशिप 5 मार्च को बहरीन में शुरू होगी और 26 नवंबर को अबू धाबी में समाप्त होगी। 2023 सीजन में 24 रेस होंगी, जो एक रिकॉर्ड है। चीन और कतर वापसी करने के लिए तैयार है। जुलाई में बेल्जियम में रेस का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद हंगरी, नीदरलैंड और फिर सितबंर में इटली रेस के मेजबान होंगे। अगस्त में पारंपरिक ग्रीष्म अवकाश रहेगा। फॉमूर्ला 1 के सीईओ और अध्यक्ष स्टेफानो डोमेनिकैली ने ऋ वेबसाइट के अनुसार एक बयान में कहा, "हम दुनिया भर में 24 रेस के साथ 2023 कैलेंडर की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं। फॉमूर्ला 1 में रेस की मेजबानी करने की अभूतपूर्व मांग है और यह महत्वपूर्ण है कि हमें पूरे रेस के लिए संतुलन सही मिले।" उन्होंने कहा, "फॉर्मूला 1 का अनुभव जारी है और यह बहुत अच्छी खबर है कि हम अपने उत्साही प्रशंसकों को लास वेगास जैसे रोमांचक नए स्थानों तक लाने में सक्षम होंगे।" एफआईए के अध्यक्ष मोहम्मद बेन सुलेयम ने कहा, "2023 एफआईए फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप कैलेंडर पर 24 रेस की उपस्थिति वैश्विक स्तर पर खेल के विकास और अपील का एक और सबूत है। नए स्थानों को जोड़ना और पारंपरिक आयोजनों को बनाए रखना एफआईए के खेल के सुदृढ़ नेतृत्व को रेखांकित करता है। मुझे खुशी है कि हम एफआईए के 2022 विनियमों द्वारा बनाए गए रोमांचक रेसिंग के फॉमूर्ला 1 के नए युग को 2023 में व्यापक प्रशंसको तक ले जाने में सक्षम होंगे।" बता दें कि चल रहे फॉर्मूला -1 सीजन 2022 का समापन 20 नवंबर को अबू धाबी ग्रां प्री के साथ होगा। वर्तमान में, नीदरलैंड के मैक्स वर्स्टापेन, 335 अंकों के साथ ड्राइवर स्टैंडिंग में शीर्ष पर है। वह रेड बुल रेसिंग टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके बाद फेरारी (219) के चार्ल्स लेक्लर और रेड बुल रेसिंग के सर्जियो पेरेज (210) हैं।

# तीनों सेना प्रमुखों ने चीन को एक सुर में बताया कठिन चुनौती, मुकाबले को तैयार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** तीनों भारतीय सेनाओं के प्रमुखों ने पूर्वी लद्दाख में ढाई साल से चल रहे गतिरोध के बीच चीन को एक सुर में कठिन चुनौती बताया है। सेना प्रमुख ने माना कि पूर्वी लद्दाख से हर वक्त तैयार रहने का सबक मिला है, इसलिए बुनियादी ढांचे में सुधार करना जरूरी है। वायुसेना प्रमुख ने पड़ोस में माहौल सुरक्षित न होने का हवाला देकर हाइब्रिड जंग के लिए तैयार रहने के लिए आगाह किया है। नौसेना प्रमुख ने भी चीन को कठिन चुनौती बताते हुए कहा कि उसने न केवल भारत की भूमि सीमाओं पर बल्कि समुद्री क्षेत्र में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। यह संयोग ही है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने एक ही दिन तीन अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर पूर्वी लद्दाख में ढाई साल से चल रहे गतिरोध के बीच चीन को एक सुर में कठिन चुनौती बताया है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध से हर वक्त उच्च स्तर की तैयारी रखने और बुनियादी ढांचे में सुधार करने का सबक मिला है। सेना प्रमुख इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव में एक सवाल के जवाब में स्पष्ट किया कि उत्तरी सीमा के साथ अरुणाचल में भी बुनियादी ढांचे को सुधारना होगा। जनरल पांडे ने कहा कि गोगरा-हॉट स्प्रिंग में पीपी-15 से सैनिकों के हटने के बावजूद अभी भी गतिरोध वाले दो बिंदु देप्सांग और डेमचोक बचे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हम इनका भी समाधान निकाल लेंगे। सेना प्रमुख ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख में बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने विमानन बुनियादी ढांचे में सुधार की भी बात करते हुए बताया कि रणनीतिक व सामरिक एयरलिफ्ट के लिए आगे के क्षेत्रों में हेलीपैड का निर्माण किया जा रहा है। इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव में ही भारतीय वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हमारे पड़ोसी देशों में सुरक्षा का आदर्श वातावरण नहीं है। ऐसे में हमें हमेशा हाईब्रिड युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। मौजूदा हालात में देश को कई तरह के खतरों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में हाइब्रिड युद्धों में माहिर होना बड़ी चुनौती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान के राजनीतिक माहौल को देखते हुए भारतीय वायु सेना के लिए पारंपरिक, उप-पारंपरिक और गैर-पारंपरिक डोमेन में अपनी क्षमताओं को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। हमारे दुश्मन कई क्षेत्रों में अपनी क्षमताएं बढ़ा चुके हैं, जो हमारे खिलाफ उपयोग हो सकती हैं। जरूरी नहीं कि यह युद्ध में हो, शांतिकाल में भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि नये खतरों व चुनौतियों का जवाब देने के लिए दुश्मनों पर तकनीकी उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। भारत जिम्मेदार शक्ति है, लेकिन मौजूदा हालात में खासतौर पर वायुसेना की पारंपरिक, गैर पारंपरिक और सह-पारंपरिक क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाना जरूरी है। विभिन्न प्लेटफॉर्म, सेंसर, हथियार, नेटवर्किंग सबसे अहम हैं, इनमें भविष्य की क्षमताएं बढ़ाने के लिए घरेलू शोध, विकास और उत्पादन बढ़ाना होगा। युद्ध से जुड़ी जिन नई तकनीकों, प्लेटफॉर्म, हथियार, प्रणालियों और नीतियों पर इस समय विश्व में काम हो रहा है, वे मौजूदा तकनीकों व हथियारों को कम उपयोगी बना सकते हैं, बल्कि बेकार भी कर सकते हैं। इसी तरह राजधानी दिल्ली में आयोजित इंडियाज नेवल रिवोल्यूशनः बिकमिंग एन ओसीन पावर कार्यक्रम में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने चीन को कठिन चुनौती बताते हुए कहा कि उसने न केवल भारत की भूमि सीमाओं पर बल्कि समुद्री क्षेत्र में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। हालांकि, भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में नियमित निगरानी कर रही है। उन्होंने देश के लिए पारंपरिक और अन्य सुरक्षा चुनौतियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आर्थिक बाधाओं के बावजूद अपने सैन्य आधुनिकीकरण को जारी रखा है, विशेष रूप से अपनी नौसेना को वह लगातार विकसित कर रहा है। नौसेना प्रमुख ने आगे कहा कि ये पारंपरिक सैन्य चुनौतियां हर वक्त बनी रहती हैं। इसके साथ ही आतंकवाद एक प्रमुख सुरक्षा खतरा बना हुआ है। ऐसे में इन अदृश्य दुश्मनों से एक कदम आगे रहकर लगातार नई-नई रणनीतियां अपनाना बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना 2047 तक जहाजों और पनडुब्बियों के उत्पादन से लेकर कल-पुर्जों एवं हथियारों तक पूरी तरह 'आत्मनिर्भर' हो जाएगी। हमारे पास एक पूर्ण स्वदेशी नौसेना होगी, चाहे वह जहाज हो, पनडुब्बी, विमान, मानव रहित प्रणाली या हथियार आदि। उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह से 'आत्मनिर्भर नौसेना होंगे। हम यही लक्ष्य बना रहे हैं।



## लम्पी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए केंद्र सरकार तैयार : डॉ. बालियान

**जयपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि लम्पी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए केंद्र सरकार तैयार है, लेकिन पहले राज्य सरकार को इसे आपदा घोषित करना होगा। यह समय सियासत का नहीं है। यदि लम्पी की रोकथाम में गहलोत सरकार फेल है तो उसे स्वीकार करें, केंद्र सरकार हर प्रकार की मदद को तैयार है। केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान बुधवार को जयपुर दौरे पर हैं। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कहा कि केंद्र सरकार लम्पी स्किन रोग को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए तैयार है, लेकिन पहले राज्य सरकार खुद इसे घोषित करें और हमें भेजें। बालियान ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं और उनका लंबा राजनीतिक अनुभव है। क्या उन्हें नहीं पता है कि राज्य के अपने संसाधन होते हैं, जिसमें एसडीआरएफ का फंड होता है और उसके बाद एनडीआरएफ का नंबर आता है। गोवंश के लिए यह समय वाकई संकट का है, इसलिए इस पर राजनीति छोड़ सब को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में लम्पी की समस्या गम्भीर है। वैसे तो देश के 15 राज्य पशुओं में लम्पी रोग से प्रभावित हैं, लेकिन ज्यादातर राज्यों में हालात कंट्रोल में है और इसमें कमी आई है। देश भर में 18.50 लाख गौवंश देश में लम्पी से पीड़ित हैं, दुर्भाग्य से इनमें से 12.50 लाख राजस्थान में हैं। हम मदद के लिए तैयार हैं। ये लड़ाई का वक्त बिल्कुल नहीं है। हम चाहते हैं कि वैक्सीनेशन ड्राइव हो। सब काम रोककर पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन किया जाना चाहिए। आइसोलेशन सेंटर बनाए जाने चाहिए। इसके लिए जरूरत के मुताबिक धन और वैक्सीन केंद्र सरकार उपलब्ध कराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जिम्मेदारी वैक्सीन सप्लाई करने की है। अभी भी राजस्थान में 30 लाख डोज पड़ी है, राजस्थान में मात्र 12 लाख वैक्सीन लगी है।



## नहीं रहे सबके प्यारे गजोधर भैया राजू श्रीवास्तव ने 58 की उम्र में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** हमेशा दुनिया को हंसाने वाले लोकप्रिय कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव उर्फ गजोधर भइया नहीं रहे। उन्होंने आज सुबह 10:20 बजे दिल्ली एम्स में आखिरी सांस ली। 58 वर्षीय राजू के निधन से शालीन हास्य जगत के एक युग का अंत हो गया। बीती 10 अगस्त को उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद से वह दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। राजू की एंजियोग्राफी की गई तो हार्ट के बड़े हिस्से में 100 फीसदी ब्लॉकेज निकला। राजू श्रीवास्तव के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर तमाम हर क्षेत्र की हस्तियों ने शोक जताया है। उनके परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। एम्स में जब राजू श्रीवास्तव वेंटिलेटर पर थे तब प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों का हालचाल जाना था और उनके स्वस्थ होने की कामना की थी।

फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने भी अपना संदेश भेजा था। उल्लेखनीय है कि राजू श्रीवास्तव को जिम में वर्कआउट करते समय दिल का दौरा पड़ा था। राजू श्रीवास्तव तब से एम्स में वेंटिलेटर पर ही थे। एम्स अस्पताल की कार्डियक केयर यूनिट में उन्हें रखा गया था और डॉक्टरों की एक स्पेशल टीम उनका इलाज कर रही थी।

**गजोधर भइयाः** 'गजोधर भइया' के नाम से मशहूर राजू के काम की बात करें तो वह देश के मशहूर स्टेंडअप कॉमेडियन थे। उन्हें पहली बार फिल्म तेजाब (1988) में देखा गया था। देश के नंबर वन कॉमेडियन कपिल शर्मा स्टारर फिल्म 'फिरंगी' (2017) में स्पेशल रोल में देखा गया था। टीवी सीरीज की बात करें तो साल 1994 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए कॉमेडी शो 'टी टाइम मनोरंजन' में उन्हें पहली बार देखा गया था। इसके बाद राजू ने कॉमेडी शो 'द ग्रेंट इंडियन लॉफ्टर चैलेंज' में दर्शकों को खूब गुदगुदाया। राजू श्रीवास्तव को कॉमेडी की दुनिया में नई पहचान मिली थी। राजू बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के मोस्ट पॉपुलर शो 'बिग बॉस' के सीजन 3 (2009) में बतौर कंटेस्टेंट नजर आए थे।

## संविधान पीठ के समक्ष होने वाली सुनवाई का 27 सितंबर से यू-ट्यूब पर होगा लाइव प्रसारण

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट में संविधान पीठ के समक्ष होने वाले संवैधानिक महत्व के मामलों की सुनवाई का लाइव प्रसारण होगा। संविधान पीठ की सुनवाई 27 सितंबर से यू-ट्यूब पर प्रसारित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों के साथ हुई बैठक में चीफ यूयू ललित ने ये फैसला लिया। इससे पहले पूर्व चीफ जस्टिस एनवी रमना के अंतिम कार्य दिवस के दिन 26 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया गया था। 26 सितंबर 2018 को सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग को सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि भारत में कोर्ट सबके लिए खुला रखने की व्यवस्था है। अब लोगों को कोर्ट आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



## पीएफआई से जुड़े लोगों और उनके सगे-संबंधियों के बैंक खातों में विदेशों से आए 500 करोड़

**-उमेश कोल्हे हत्याकांड की जांच में पीएफआई के तीन लाख फैमिली अकाउंट का खुलासा**

**-एनआईए कर रही है जांच, इन खातों में कतार, कुवैत, बहरीन, सऊदी अरब से आए रुपये**

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले के उमेश कोल्हे हत्याकांड की जांच में जुटी नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन लाख फैमिली अकाउंट का पता चला है। एनआईए सूत्रों ने दावा किया है कि इन खातों में परिवार के भरण-पोषण के नाम पर कतार, कुवैत, बहरीन और सऊदी अरब से 500 करोड़ रुपये आए। यह राशि मनी ट्रांसफर के जरिए अलग-अलग खातों में भेजी गई है। इन खातों में से एक लाख खाते पीएफआई की गतिविधियों में सक्रिय लोगों के हैं और शेष दो लाख खाते उनके रिश्तेदारों एवं परिचितों के हैं। एनआईए इस बात की जांच कर रही है कि इन खातों में आने वाले पैसे का इस्तेमाल किस लिए किया जा रहा है। एनआईए को इस मामले में आरोपितों से पूछताछ के दौरान तब्लीगी जमात और जमीयत उलेमा-ए-हिंद (जेयूएच) की भूमिका की जानकारी मिली है। इन दोनों संगठनों पर भी एनआईए नजर बनाए हुए है। साथ ही महाराष्ट्र के पुणे, जालना और औरंगाबाद जिले में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से खुफिया एजेंसियां अएलर्ट मोड पर हैं। सूत्रों के अनुसार पीएफआई ने पुणे में अपना मुख्यालय बनाया है, जबकि सोशल डेमोक्रैटिक पार्टी आफ इंडिया (एसडीपीआई) जालना और औरंगाबाद में सदस्यों का पंजीकरण कर रही है। यह अलर्ट खुफिया एजेंसियों ने दिया है। पीएफआई और एसडीपीआई की योजना बेहद गोपनीय तरीके से बनाई जा रही है। दरअसल, एनआईए केमिस्ट उमेश कोल्हे हत्याकांड की जांच कर रही है। इस मामले में एनआईए ने सोमवार को स्पेशल कोर्ट में चार्जशीट पेश करने के लिए अतिरिक्त वक्त की मांग की थी। स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को एनआईए को इस मामले में चार्जशीट पेश करने के लिए 90 दिन का अतिरिक्त समय दिया है।




## बीजेपी के एक दांव से दुविधा में आ गए अखिलेश की सपा के सारे विधायक

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अनुभव का कोई तोड़ नहीं होता। खासतौर पर जब सदन संचालन व नियमों के जानकार होने का मामला हो। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना हों और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना दोनों इसे साबित करते दिखे। यूपी विधानसभा के वेल में धरने पर बैठे सपा सदस्यों के सामने इन दोनों ने जब उन्हीं के हित की बात कही तो वे असमंजस में पड़ गए। क्या करें क्या न करें। धरने से उठ कर सीट पर आकर अपने सवालों पर उपस्थिति दर्ज कराएं, आजम खां का मुद्दा उठाएं या फिर वेल में नारेबाजी करते रहें। दृश्य देखने लायक था। हुआ यूं कि जब विधानसभा में अध्यक्ष जरूरी विधायी कार्य निपटा रहे थे। और सपा सदस्य वेल में आकर नारेबाजी कर रहे थे। अध्यक्ष ने सदस्यों द्वारा याचिका की सूचनाएं लिए जाने का एजेंडा रखा और अगले मामले पर आ गए लेकिन संसदीय कार्य के अनुभवी सुरेश खन्ना ने यहीं पर विपक्ष की घेराबंदी की। सुरेश खन्ना ने कहा कि मान्यवर जिन्होंने याचिका दाखिल की है उनके नाम तो पढ़ दिए जाएं। अब अध्यक्ष ने सपा सदस्यों का नाम पुकारा तो वेल में होने के कारण उन्हें उपस्थित नहीं माना जा सकता था। इसके लिए उन्हें अपनी सीट पर आना था। कुछ आए कुछ नहीं आए। जो नहीं आए उनकी याचिका अनुपस्थित होने के कारण स्वीकार नहीं हुई। इसी तरह जब आखिरी दौर में विधानसभा अध्यक्ष ने नियम-56 के तहत विपक्ष से मुद्दे उठाने को कहा तो सपा सदस्य फिर ऊहापोह में दिखे। महाना ने कहा कि अरे आप ही लोगों ने आजम खां के मामले में सूचना दी है और अब आजम खां का मामला सदन में नहीं उठाएंगे क्या। उन्होंने तंज किया। सपा सदस्यों के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई कि अब धरने पर बैठे रहें कि आजम खां का मसला उठाएं। कुछ हिचकिचाहट के साथ सपा सदस्यों ने वेल में बैठे रहना ज्यादा उचित समझा।



हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक
अनिल सेठी
नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक

संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092
संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
8375000672

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

# 'इमली' शो में प्रवेश के लिए पूरी तरह तैयार हैं सीरत कपूर



**मुंबई(ईएमएस)।** कोरियोग्राफर और अभिनेता सीरत कपूर, जिन्होंने तेलुगु फिल्म रन राजा रन से अपनी शुरूआत की, चीनी की भूमिका निभाने के लिए इमली शो में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जैसे-जैसे शो 20 साल आगे की छलांग लगा रहा है, कई नए चेहरे शो का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अपने चरित्र के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, मैं इमली का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह टेलीविजन पर सबसे अच्छे शो में से एक है, और हमारे पास काम करने के लिए इतनी अच्छी टीम है। एक चरित्र के रूप में 'चीनी' बहुत जटिल और निस्संदेह आत्मविश्वासी है। मैं हमेशा उसके बारे में और अधिक जानने के लिए तैयार रहता हूं और उसकी भावनाओं को वास्तविक और सहज तरीके से मुझसे बाहर निकालने की कोशिश करता हूं।" उसने आगे कहा, "मुझे यकीन है कि दर्शक हमें अपना प्यार और समर्थन देंगे और हम भी अपनी पूरी कोशिश करेंगे। साथ ही, मैं स्टार प्लस को चीनी के रूप में इस तरह की खुशी लाने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं।" सुंबुल तौकीर खान, फहमान खान, मयूरी देशमुख इस शो को अब छोड़ देंगे।

# वेब सीरीज में साथ आएंगी जूही चावला और आयशा जुल्का




**मुंबई(ईएमएस)।** क्राइम ड्रामा सीरीज हश हश में 90 के दशक की सिल्वर स्क्रीन की दिल की धड़कन जूही चावला और आयशा जुल्का एक वेब सीरीज में साथ आएंगी। हैरानी की बात यह है कि दोनों अभिनेत्रियां भले ही पिछले तीन दशकों से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही हैं, लेकिन उन्होंने कभी एक साथ काम नहीं किया। 22 सितंबर से प्राइम वीडियो पर प्रसारित होने वाले 'हश हश' के साथ वे पर्दे पर एक साथ नजर आएंगी। इसके बारे में बात करते हुए, आयशा ने कहा, "जूही और मैं उद्योग में एक लंबा सफर तय कर चुके हैं, लेकिन 'हश हश' हमें एक साथ लाते हैं। कल्पना कीजिए एक ही अभिनेता के साथ रोमांस करने रहें, लेकिन पहले कभी स्क्रीन स्पेस साझा न करें ! सेट पर, हमारी अधिकांश बातचीत इस बात के इर्द-गिर्द घूमती थी कि किसी प्रोजेक्ट पर अंततः सहयोग करना कितना रोमांचक होता है।" तनुजा चंद्रा द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित, 'हश हश' में सोहा अली खान, कृतिका कामरा, शाहना गोस्वामी और करिश्मा तन्ना भी हैं। यह ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 के लिए प्राइम वीडियो की फेस्टिव लाइन-अप का हिस्सा है, जो 23 सितंबर से शुरू हो रहा है। लाइन-अप में कई अन्य मूल सीरीज और कई भाषाओं में ब्लॉकबस्टर फिल्में भी शामिल हैं।

# फैंस को ही नहीं, मुझे भी पसंद आया ब्रह्मास्त्र में शाहरुख का कैमियो अवतार : अयान मुखर्जी




**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म ब्रह्मास्त्र में शाहरुख खान का कैमियो अवतार उनके प्रशंसकों को बहुत पसंद आया है। फिल्म में उनकी अपीयरेंस फैंस को इतनी ज्यादा पसंद आई कि अब दूसरे पार्ट में भी वे उन्हें देखना चाहते हैं। फिल्म के निर्देशक अयान मुखर्जी ने बताया कि न केवल शाहरुख के फैंस बल्कि वह भी उनके कैरेक्टर के लिए एक स्पिन-ऑफ के बारे में सोच रहे हैं। अयान ने कहा, इससे पहले कि फैंस हमसे ये कहते, हम खुद अपने आप से ये सवाल पूछ रहे थे। साल 2019 में जब हम ये सीक्वेंस शूट कर रहे थे, तब हम भी सेट पर यही बात कर रहे थे। हमने जब साईंटस्ट की पर्सनैलिटी खोजी तो हमने एक दूसरे से कहा, हमें इसे करना चाहिए। हमें साइंटिस्ट के ओरिजन को लेकर एक कहानी करनी चाहिए। अयान ने आगे कहा कि उनकी टीम भी इस आइडिया से सहमत थी कि शाहरुख खान का कैरेक्टर सिर्फ फिल्म में एक कैमियो तक सीमित नहीं होना चाहिए। हम उस फ्रीक्वेंसी पर भी ध्यान दे रहे थे। इसलिए, मुझे लगता है कि स्पिन-ऑफ की मांग पर मेरा रिस्पांस ये है कि हम पहले से ही इसके बारे में सोच रहे हैं। हम सब फैंस की सुन रहे हैं और अपने अगले स्टेप का प्लान बना रहे हैं। ब्रह्मास्त्र में शाहरुख की प्रेजेंस को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। शाहरुख भी इस कैमियो को मिल रहे अच्छे रिस्पांस से खुश हैं। हालांकि फिल्म की रिलीज से पहले शाहरुख काफी नर्वस थे। शाहरुख के बेटे आर्यन ने भी ब्रह्मास्त्र देख ली है और उन्हें भी अपने पापा का रोल खूब पसंद आ रहा है। ब्रह्मास्त्र का पहला पार्ट 9 सितंबर को रिलीज हुआ है। यह फिल्म तीन हिस्सों में बनी है। इसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में रणबीर और आलिया के अलावा अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय, डिंपल कपाडिय़ा और नागार्जुन अक्किनेनी लीड रोल में हैं। इस फिल्म का बजट 410 करोड़ रुपए है। ऐसे में इस फिल्म ने अब तक सिर्फ हिंदी में 119 करोड़ कमाए हैं।

# विवादों में फरहान अख्तर की एक्सल एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन कंपनी



मिजार्पुर के तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू हो गई है। अब हाल ही में आई रिपोर्ट्स के अनुसार, फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की प्रोडक्शन कंपनी एक्सल एंटरटेनमेंट विवादों में घिर गया है। दरअसल, प्रोडक्शन कंपनी पर मजदूरों की मजदूरी ना देने का आरोप है। इसकी शिकायत फिल्म स्टूडियो सेटिंग एंड एलाइड मजदूर यूनियन ने की है। एक्सल एंटरटेनमेंट के ऊपर यूनियन ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने मिजार्पुर सीरीज की प्रोडक्शन डिजाइन टीम में काम करने वाले करीब 300 मजदूरों का पैसा नहीं दिया है। यूनियन ने यह दावा किया कि कंपनी मजदूरों के करीब 20 से 25 लाख रुपए में एक रुपए का भी भुगतान नहीं किया है। हालांकि कंपनी ने इन आरोपों से इनकार किया था, लेकिन यूनियन का लेटर बाहर आते ही एक्सल एंटरटेनमेंट ने अगले 48 घंटो में पैसों के सेटलमेंट की बात की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी ने मजदूरों को किसी प्रकार का कोई भुगतान नहीं हुआ है।

# इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्में विक्रम वेधा को लेकर हैं चर्चा में हैं सैफ अली खान



**मुंबई(ईएमएस)।** सैफ अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्में विक्रम वेधा को लेकर काफी चर्चा में हैं। पुष्कर और गायत्री के निर्देशन में बनी ये फिल्म एक्शन थ्रिलर से भरपूर होने वाली है, जिसमें ऋतिक रोशन और सैफ अली खान के बीच दमदार एक्शन दिखाई देगा। उनकी ये फिल्म 30 सितंबर, 2022 को पीएस-1 के साथ सिनेमाघरों में क्लैश होगी। अब शनिवार को सैफ अली खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो अपनी छोटी बहन सोहा अली खान के साथ नजर आ रहे हैं। उनका ये वीडियो महबूब स्टूडियों जाते वक्त का बताया जा रहा है। सैफ और सोहा के इस वीडियो को सोशल मीडिया पर सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि सैफ अली खान व्हाइट कलर के कुर्ता-पायजामा तो सोहा ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद से सोशल मीडिया पर कयासों का भी दौर शुरू हो गया है और उम्मीद लगाई जा रही है कि दोनों बहन-भाई जल्द ही किसी प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं। प्याराजी द्वारा शेयर इस वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। वीडियो को चंद घंटों में कई हजार लोग लाइक्स कर चुके हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं, बात अगर सैफ अली खान के वर्कफ्रंट की करें तो वो विक्रम वेधा के अलावा ओम राउत के निर्देशन में बन रही फिल्म आदिपुरुष में नजर आने वाले हैं।

इस फिल्म में सैफ लंकापति रावण की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जबकि फिल्म में साउथ के सुपरस्टार प्रभास भगवान श्रीराम के स्वरूप की भूमिका में नजर आने वाले हैं और एक्ट्रेस कृति सेनन माता जानकी का रोल निभाती हुई नजर आने वाली हैं। आदिपुरुष 12 जनवरी, 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जेम्स कैमरून की अवतार इंडिया में होगी री-रिलीज



जेम्स कैमरून की एकेडमी अवॉर्ड विनिंग फिल्म अवतार एक बार फिर थिएटर्स में ऑडियंस को एंटरटेन करने आ रही है। फिल्म अंग्रेजी भाषा में 23 सितंबर को री-रिलीज होगी, इस बार मेकर्स 4' क्वालिटी में ऑडियंस को एक नए सिनेमा का एक्सपीरिएंस कराएंगे। अवतार का एक नया टीजर रिलीज कर मेकर्स ने इसकी जानकारी दी है। इससे पहले अवतार 2009 में रिलीज हुई थी।

# दोबारा शुरू होगी कमल हासन की फिल्म इंडियन-2 की शूटिंग





कमल हासन की मच अवेटेड फिल्म इंडियन-2 की शूटिंग शुरू होने जा रही है। फिल्ममेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्टर जारी करते हुए इस बात की जानकारी दी है कि फिल्म के बाकी बचे हुए सीन्स 1 सितंबर से शूट किए जाएंगे। फिल्म का काम 2 साल से रुका हुआ, जिस वजह से मेकर्स को काफी नुकसान हो रहा था। हालांकि, एक बार फिल्म की शूटिंग को शुरू की गई है। फिल्म मेकर शंकर ने अपने ट्विटर हैंडल पर शूटिंग शुरू होने की जानकारी देते हुए कहा- 'हमें आपको यह जानकारी देते हुए खुशी हो रही है कि इंडियन 2 फिल्म की बची शूटिंग 2 सितंबर से शुरू होने जा रही है। जिसके लिए हमें सभी का सपोर्ट और साथ चाहिए। कमल हासन का लुक काफी चर्चा में है, जिसमें एक्टर व्हाइट शर्ट और गमछे में नजर आ रहे हैं। इससे पहले एक्टर के खाखी लुक ने दर्शकों को काफी इंप्रेस किया था।

# सलमान को लेकर मेगा बजट एक्शन फिल्म बनाएंगे अली अब्बास जफर



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड अभिनेता सलमान खान को लेकर ब्लॉक बस्टर फिल्में सुल्तान, टाइगर जिंदा है और भारत देने वाले निर्देशक अली अब्बास जफर एक बार फिर सलमान खान के साथ काम को तैयार हैं। बताया जाता है कि यह दोनों सितारे एक साथ मिलकर एक मेगा बजट एक्शन फिल्म दर्शकों के सामने लाने की तैयारी में हैं। अली अब्बास जफर ने इस फिल्म की पटकथा पर काम करना शुरू कर दिया है। इस बात की जानकारी स्वयं निर्देशक ने दी है। अली अब्बास जफर ने कहा कि उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। इंशाअल्लाह सलमान सर और मैं एक बड़े बजट की फिल्म करने के लिए एक साथ आएंगे। मैं उनके साथ एक बड़ी एक्शन फिल्म करना चाहता हूं। इस फिल्म पर मैंने काम शुरू कर दिया है और मैं जल्द ही उनके साथ स्क्रिप्ट को शेयर करूंगा। सलमान खान को फिल्म की स्क्रिप्ट पसंद आती है तो ये सुल्तान (2016), टाइगर जिंदा है (2017) और भारत (2019) जैसी ब्लॉकबस्टर देने के बाद दोनों की साथ में चौथी फिल्म होगी। अली अब्बास जफर इन दिनों दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म जोगी की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसका अलावा अली इस समय शाहिद कपूर की अनटाइटल्ड एक्शन फिल्म पर भी काम कर रहे हैं। उनके पास अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी है। इसके अतिरिक्त अली अब्बास जफर कैटरीना कैफ को लेकर एक सुपर सोल्जर फिल्म भी बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म के बारे में पिछले दो वर्ष से लगातार चर्चा हो रही है, लेकिन अभी तक कुछ भी आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं किया गया है।

# जॉली एलएलबी 3' में आमने सामने होंगे दोनों जॉली



'जॉली एलएलबी' और 'जॉली एलएलबी 2' की सक्सेस के बाद अब फिल्म के मेकर्स इसका तीसरा पार्ट लाने की प्लानिंग कर रहे हैं। फिल्म के तीसरे पार्ट में पहले पार्ट के जॉली अरशद वारसी और दूसरे पार्ट के जॉली अक्षय कुमार को साथ लाने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा ये भी दावा किया या जा रहा है कि दोनों पार्ट में जज की भूमिका निभाने वाले सौरभ शुक्ला तीसरे पार्ट में भी वापसी करेंगे। फिल्म से जुड़े सूत्र ने कहा, 'सुभाष कपूर, अक्षय कुमार और अरशद वारसी काफी समय से 'जॉली एलएलबी 3' पर काम कर रहे हैं। मेकर्स ने 'जॉली एलएलबी 3' के लिए एक ऐसा प्लॉट तैयार किया है, जिसमें दोनों जॉली को साथ आना होगा। यह कोर्ट में डिबेट के लिए एक बहुत ही मजाकिया सब्जेक्ट होने वाला है।' इस फिल्म में अक्षय और अरशद दोनों का लगभग बराबरी का किरदार होगा। फिल्म में वो एक-दूसरे को टक्कर देते नजर आएंगे। बता दें अक्षय और अरशद इससे पहले 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' (2002) और 'बच्चन पांडे' (2022) में साथ काम कर चुके हैं।

## सूडोकु नवताल- 6200

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6199 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्दजाल - 6947

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | आ | त्म | ली | न | षा | गु | बा | प | दे |
| क | अ | अ | त्म | त | अ | ला | र | न | द | जू |
| आ | स | आ | क | प्र | न | भि | द | नं | जू | व |
| जी | अ | चा | आ | र | ति | गु | आ | प | दे | न |
| व | अ | र्य | त | अ | ला | ष्ठा | न | श | म | क |
| न | आ | चा | र | वा | न | द | शा | च | व | त |
| वा | अ | सौ | र | जा | ला | गु | आ | प | दे | आ |
| ह | आ | मो | व | आ | वा | द | ह | यु | व | ग |
| क | जा | ह | व | प | गो | द | व | प | र | र |
| र | दी | ब्ब | फा | प | स | श | ह | वि | बा | क |
| स | बा | तें | व | न | ज | द | आ | गा | ह | र |

*शब्द जाल में 'आ' से शुरु होने वाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

आत्मलीन, आत्मप्रतिष्ठा, आचारवान, आगोश, आगाह, आनंद, आजीवन, आचार्य, आजादी, आचमन.

### शब्दजाल - 6946 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | दु | मे | रि | द्रो | णा | चा | र्य | न | प | क |
| न | र्यो | शा | प | इं | डो | भी | म | या | ड़ | क |
| अ | ध | जा | स | र | ग | स | द | ह | प | न |
| जी | न | ल | पा | न | दू | स | न | ह | र्जु | ल |
| त | या | अ | सौ | न | जा | ला | न्यु | अ | प | दे |
| आ | यु | इ | मो | व | प | म | क | ह | यु | बां |
| ग | धि | ल | ह | च | भि | रि | पा | व | प | ग |
| र | ष्ठ | भा | त्क | अ | प | स | रा | ब्रा | वि | ला |
| क | र | टे | तें | व | न | क | र्ण | शा | जू | दे |
| र | घ | ल | प | व | सिं | ल | रु | अ | प | श |
| बां | स | ल | भी | ष्म | पि | ता | मा | ह | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5900

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 7 | | 5 | 6 | 3 |
| | 29 | | 32 | | 32 | |
| 4 | | 5 | 3 | | 2 | 7 |
| | 36 | 6 | 28 | 4 | 28 | |
| 5 | | 2 | | 3 | | 1 |
| 7 | 37 | | 26 | | 37 | 6 |
| | | 4 | 1 | 2 | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5899 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 37 | 6 | 32 | 2 | 26 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 32 | 4 | 32 | 4 | 32 | 4 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 7 | 33 | 2 | 29 | 6 | 40 | 7 |
| 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in